11 अक्टूबर 2025
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



छह महीने से नहीं हुई है नाली की साफ-सफाई, जलजमाव व सड़ांध से बढ़ी परेशानी 3



# जम्मू-कश्मीर में छिपे 60 दहशतगर्दों में 40 विदेशी, 20 लोकल

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में लगभग 60 आतंकी छिपे हुए हैं। पाकिस्तान के लांच पैड पर 100 से 120 आतंकी होने की संभावना जताई गई है। ये सभी आतंकी सर्दियों के दौरान घुसपैठ करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय सुरक्षा बलों के लिए अगले दो-तीन माह चुनौती भरे रह सकते हैं। घाटी में मौजूद आतंकियों की बात करें तो उनमें 40 पाकिस्तानी हैं, जबकि 20 लोकल बताए जा रहे हैं। हालांकि यह संख्या कम या ज्यादा हो सकती है। सभी खुफिया एजेंसियां, बहुत सावधानी से उक्त आंकड़ों का विश्लेषण कर रही हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा है कि सर्दियां आ रही हैं। ऐसे में सीमा पार के आतंकवादी, बर्फबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ न कर पाएं, इसके लिए हमारे सुरक्षा बल हर तरह से तैयार रहें। सुरक्षा बलों के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान मूल के कई दहशतगर्दों की ट्रेनिंग अफगानिस्तान फ्रंट पर हुई है। इन आतंकियों तक पहुंचना, सुरक्षा बलों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय दहशतगर्दों में से लगभग 40 पाकिस्तानी हैं तो 20 लोकल आतंकी हैं। इन आतंकियों के रहते हुए जेएंडके में आतंकी हमले की आशंका बनी रहती है। आतंकियों को अभी तक लोकल स्पोर्ट मिल रही है, सुरक्षा बलों के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है। इसी मदद के बल पर ये आतंकी, बड़े हमले को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक यादव कहते हैं, जेएंडके में घुसपैठ की कोशिशों से जुड़ी कई सूचनाएं आती रहती हैं। इस तरह की खुफिया रिपोर्ट हैं कि सीमा पार आतंकवादियों के लॉन्चिंग पैड हैं। बीएसएफ, सेना के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पर बेहद सतर्क है। पिछले समय में घुसपैठ पर अंकुश लगा है। सीमा पार के लांचिंग पैड पर घुसपैठ के लिए तैयार बैठे आतंकी, बॉर्डर पार करने की कोशिश नहीं करते, ऐसा नहीं है। वे कोशिश तो करते हैं, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिलती। भारतीय सुरक्षा बलों की सतर्कता से उनके मंसूबे नाकाम हो जाते हैं। सर्दियों में घुसपैठ के प्रयासों में वृद्धि होने की संभावना है। बीएसएफ, सीमा पर आधुनिक सर्विलांस के उपकरणों के माध्यम से निगरानी कर रही है। बॉर्डर के उस पार लगभग सवा सौ आतंकी मौजूद हैं।



### पिछले कुछ सालों में हुआ है कई मुठभेड़

पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच कई बड़ी मुठभेड़ हुई हैं। राजौरी के बाजीमाल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना के कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम और हवलदार माजिद सहित चार शहादत हुई थी। राजौरी मुठभेड़ में जो दो आतंकी मारे गए थे, उनमें से एक पाकिस्तानी आतंकी श्क्वारीश भी था। वह पाकिस्तान के आतंकी संगठन श्लश्कर ए तैयबाश का हाई रैंक टेरोरिस्ट था। उसे पाकिस्तानध्अफगानिस्तान फ्रंट पर ट्रेंड किया गया था। जेएंडके में जितनी भी बड़ी मुठभेड़ हुई हैं, उनमें ज्यादातर हाई रैंक वाले ट्रेंड आतंकी मारे गए हैं। सितंबर 2023 में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल श्आरआरश के कमांडिंग अफसर (कर्नल) मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट शहीद हो गए थे। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवानों ने भी शहादत दी।

# रूस ने पाकिस्तान को नहीं बेचे जेएफ-17 के इंजन : पात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश को सूचना युद्ध में पाकिस्तान की मदद करने का आरोप लगाया। पात्रा ने रमेश के रूस-पाकिस्तान रक्षा सौदे से जुड़े पोस्ट को भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करार दिया। पात्रा ने कहा कि 4 अक्तूबर को जयराम रमेश नें यह दावा किया कि रूस और पाकिस्तान ने चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर सहमति जताई है। भाजपा नेता ने इसे भ्रामक और आधारहीन बताया और कहा, रूस ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस के इस दावे का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा, इससे पहले भी किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन या जी-20 के मौके पर कांग्रेस ऐसी बातें करती रही है, जो भारत की छवि को प्रभावित करती हैं। पात्रा ने कहा कि जयराम रमेश कांग्रेस के संचार प्रमुख हैं। यह पोस्ट निश्चित रूप से उन्होंने राहुल गांधी की अनुमति के बाद किया होगा। जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं और लौटकर आते हैं, तो इस तरह के संदेश पोस्ट होते हैं और पूरी व्यवस्था सक्रिय हो जाती है। सूचना युद्ध में निश्चय ही यह पाकिस्तान की मदद करना हुआ। इससे पहले जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि रूस ने पाकिस्तान को उन्नत आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति देने की इच्छा क्यों जताई, जबकि रूस तो भारत का लंबे समय से अच्छा मित्र रहा है।

## भाजपा का 12 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक प्रस्तावित

# एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फिक्स आज होगा सीटों का एलान



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के सीटों पर शनिवार को एलान होगा। इसकी जानकारी बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विपक्ष के बहुत सारे नेता जल्द ही बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है। शुक्रवार शाम को बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध) में शनिवार को सीटों के बंटवारे का एलान किया जाएगा। इस बात की जानकारी जायसवाल ने मुजफ्फरपुर के पूर्व सांसद अजय निषाद के बीजेपी में घर वापसी के दौरान दी. इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय जनता दल और विपक्ष के कई बड़े नेता जल्द ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। वहीं, पत्रकारों ने जब उनसे एनडीए में सीट शेयरिंग पर दूसरे दलों की नाराजगी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। सभी दलों की सहमति करीब-करीब बन गई है। हम फिर से बिहार में एक बार एनडीए की सरकार बनाने जा रहे हैं। कोई भी साथी नाराज नहीं हैं। वहीं बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि सीटों पर सहमति बनने के बाद, बीजेपी ने अपने हिस्से के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया राज्य स्तर पर पूरी कर ली है। हर सीट के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया गया है। इन नामों पर अंतिम मुहर लगाने के लिए 11 अक्टूबर को बीजेपी का बिहार कोर ग्रुप दिल्ली में बैठक करेगा। इसके बाद, 12 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### चिराग करेंगे सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड की मीटिंग

बिहार विधानसभा को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा लगभग फाइनल हो चला है। चिराग पासवान भी मान गए हैं। उसके अलावा बीजेपी ने दो सीटों पर बड़ा दिल दिखाते हुए उसे लोजपा के हवाले कर दिया है। एनडीए में लोजपा ब्रह्मपुर और गोविंदगंज की सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा करने जा रही है।। सूत्रों की माने तो अंततः चिराग पासवान अपने दो कद्दावर नेताओं को टिकट दिलाने कर पार्टी को टूटने से भी बचा लिया। जानिए ये दो कद्दावर नेता कौन हैं जिनके लिए प्रमुख दलों ने कुबार्नी दे कर उनका मार्ग प्रशस्त किया। लोजपा(आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपनी पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय के लिए ब्रह्मपुर सीट पर अपनी दावेदारी की मुहर लगा दी।

### जेडीयू भी बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस

बता दें कि देर शाम यह भी जानकारी सामने आई कि बिहार की सत्ता पर काबिज जनता दल यूनाइटेड ने अपने पटना में मौजूद दफ्तर में 11 अक्टूबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाया है. इस कॉन्फ्रेंस में जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह मौजूद रहेंगे। इस दौरान पार्टी अपने हिस्से में आई सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का भी एलान कर सकती है।




# कांग्रेस ने 13 सीटों पर भी नाम किए फाइनल

**एजेंसी। पटना**

बिहार चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन शुक्रवार से शुरू हो गए है। लेकिन अभी तक जन सुराज को छोड़कर किसी भी दल ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं है। एनडीए के साथ साथ महागठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर माथा पच्ची जारी है। इसी बीच गठबंधन के अहम सहयोगी दल कांग्रेस की पहली लिस्ट तैयार हो गई है। सूत्रों की मानें तो 13 उम्मीदवारों के नाम फाइनल है, बस ऐलान बाकी है। इस बीच कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीटों का बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी। हाल ही में हुई कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने अपने हिस्से की संभावित सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। आने वाले दिनों में इसकी घोषणा की जाएगी। इनमें 13 संभावित उम्मीदवारों के नाम सामने आए है। सूत्रों के अनुसार, बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपनी मौजूदा सीट कुटुंबा से चुनाव लड़ेंगे।

### कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर तय किए उम्मीदवार

कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर उम्मीदवार के नाम फाइनल कर दिए हैं। इस बात के संकेत बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने भी दिए है। राजेश राम का कहना है कि, हमने अपने उम्मीदवारों के सभी विधानसभा क्षेत्र तय कर लिए है। आने वाले समय में सभी लोग इंडिया गठबंधन की चुनावी ताकत और संघर्ष को देखेंगे। सीटों की आधिकारिक घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। कांग्रेस की दूसरी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आज ऑनलाइन होगी। इसमें उम्मीदवारों की सूची अंतिम रूप से तैयार की जाएगी। इसके बाद 11 अक्तूबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। 12 अक्तूबर को सीटों के समझौते पर सहमति का इंतजार किया जाएगा।

# चुनाव आयोग का एसआईआर में हस्तक्षेप अस्वीकार्य : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयोग के एसआईआर और घुसपैठ के मुद्दे पर अहम बयान दिए। शाह ने दूसरे देश से आने वाले लोगों की संख्या पर अंकुश लगाने को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर बिना किसी पाबंदी के लोगों को आने दिया गया तो देश धर्मशाला बनकर रह जाएगा। एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, घुसपैठ को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण नहीं देने की बात पर भी जोर दिया। अमित शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया- विशेष गहन पुनरीक्षण का जिक्र करते हुए कहा, चुनाव आयोग की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, एसआईआर चुनाव आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सरकार घुसपैठ की समस्या से निपटने के लिए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट यानी निर्वासित करने की प्रक्रिया का पालन करेगी। उन्होंने कहा, मतदान का अधिकार केवल उन लोगों को मिलना चाहिए जो इस देश के नागरिक हैं। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी की है।




## 2047 के विकसित भारत में अपनी मजबूत भूमिका की तैयारी शुरू

# गुजरात को मिले 3.24 लाख करोड़ के 1212 निवेश प्रस्ताव

**एजेंसी। मेहसाणा**

उत्तर गुजरात के मेहसाणा में आयोजित वीजीआरसी में 21 क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव हासिल हुए हैं। इससे इस क्षेत्र को विकास में आगे ले जाने में मदद मिलेगी। इसके पहले राज्य वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करता था। जिससे 2047 के विकसित भारत में अपनी मजबूत भूमिका के लिए गुजरात ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। राज्य ने पहला दो दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस आयोजित कर 3.24 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव हासिल करने में सफलता पाई है। ये प्रस्ताव अधिकांशतः ऐसे क्षेत्रों में हैं जो भविष्य में आर्थिक और सामरिक विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तर गुजरात के मेहसाणा में आयोजित वीजीआरसी में 21 क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव हासिल हुए हैं। इससे इस क्षेत्र को विकास में आगे ले जाने में मदद मिलेगी। इसके पहले राज्य वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करता था। इसके अब तक 10 आयोजन किए जा चुके हैं। लेकिन सरकार का मानना है कि क्षेत्रीय स्तर पर निवेश समिट को ले जाने से क्षेत्रीय विकास को गति देने में मदद मिलेगी। इसे ध्यान में रखते हुए ही उत्तर गुजरात में पहले रीजनल कॉन्फ्रेंस को आयोजित किया गया। राज्य सरकार ने इसे गांव से ग्लोबल की दिशा में गति बताई है। राज्य के उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने अमर उजाला को बताया है कि राज्य के 70 फीसदी निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरते हैं और देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाते हैं।



# डुमरांव पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, वाहन चालकों में मचा हड़कंप

- शुक्रवार की देर शाम स्टेशन रोड में घंटो चला वाहन चेकिंग अभियान, बोली पुलिस चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराना प्राथमिकता



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डुमरांव थाने की एसआई प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में राज हाई स्कूल के समीप तथा थाना के सामने घंटो दुपहिया, तिनपहिया व चारपहिया वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान बिना वैध कागजात या हेलमेट के बाइक चलाने वाले चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने बाइक व वाहनों की डिग्गी तथा शक के आधार पर अन्य सामानों की तलाशी भी ली।

एसआई प्रियंका ने बताया कि पूरे चुनाव पुलिस नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिना कागजात या बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के साथ ही शराब या मादक पदार्थों, अवैध हथियार तथा रूपया की तलाशी भी ली जा रही थी, हालांकि, इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

एसआई प्रियंका ने कहा कि आगामी विस चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए नियमित वाहन चेकिंग अभियान जरूरी है।

वहीं, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विस चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डुमरांव थाना क्षेत्र में पुलिस की मुश्तैदी बढ़ा दी गई है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उपद्रवी तत्वों की खैर नहीं रहेगी।

वहीं, इस वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

कई बाइक चालक तो पुलिस से बचने के लिए रास्ते बदल भागते दिखाई पड़े इस दौरान मुश्तैद जवानों द्वारा भागने का प्रयास करने वाले कई चालकों को पकड़ जुमार्ना वसूला गया। गौरतलब हो कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस की कवायदे बढ़ गई है। यह लगातार तीसरा दिन है जब डुमरांव पुलिस सड़क पर उतर वाहन चेकिंग अभियान चलाई है। पुलिस की इस मुश्तैदी से असमाजिक तत्वों तथा उपद्रवियों के साथ ही बिना वैध कागजात या हेलमेट के वाहन चलाने वालों की मुश्किले बढ़ गई है।

कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः- सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव

## पॉक्सो अधिनियम पर प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# इटाढ़ी के बैकुंठपुर विद्यालय में बच्चों को मिली सुरक्षा की पाठशाला

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बैकुंठपुर में शुक्रवार को बाल सुरक्षा, लैंगिक समानता और मतदाता जागरूकता से जुड़ा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बच्चों को पॉक्सो अधिनियम (यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। विशेषज्ञों ने बालक एवं बालिकाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण की स्थिति में वे चुप न रहें, बल्कि तुरंत किसी जिम्मेदार व्यक्ति या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। बच्चों को बाल विवाह निषेध कानून, महिला सशक्तिकरण, लिंग आधारित भेदभाव पर रोक, दहेज निषेध अधिनियम, लिंग चयन निषेध तथा कानूनी सहायता के अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और





आपातकालीन सेवा नंबर 112 की जानकारी दी गई ताकि वे संकट के समय इनका उपयोग कर सकें। कार्यक्रम के दौरान लिंग संवेदनशीलता और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक विषयों पर भी बच्चों को जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला मिशन समन्वयक चंदन कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ शिवांगी, कानूनी सलाहकार रीमा कुमारी और एमटीएस मुकेश कुमार ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सुरक्षा का पहला कदम जागरूकता है। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और किसी भी गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों के सर्वांगीण विकास और मानसिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और लगभग 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे, साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता फैलाने में भी योगदान देंगे।

## बच्चों की प्रतियोगिता से गूंजी मतदाता जागरूकता की गूंज

**केटी न्यूज/राजपुर**

बक्सर जिला प्रशासन के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय देवड़िया में स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में मतदाता जागरूकता का संदेश फैलाना था। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रंगों के माध्यम से मतदान के महत्व को खूबसूरती से उकेरा। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों में ह्यहमारा वोट, हमारा अधिकारह्न, ह्यपहले मतदान, फिर जलपानह्न, और ह्यलोकतंत्र की ताकत हर मतदाता की भागीदारीह्न जैसे संदेश झलक रहे थे। जिलाधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता फैलाना और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र को



मजबूत करने का सामूहिक अभियान है। इसके माध्यम से नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया, उसके महत्व और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है ताकि हर पात्र नागरिक मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। कार्यक्रम के दौरान स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में जागरूकता का माहौल बनाती हैं। उन्होंने बताया कि स्वीप का मुख्य उद्देश्य मतदाता शिक्षा, सहभागिता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों से आग्रह किया कि वे स्वीप गतिविधियों को उत्सव के रूप में मनाएं ताकि मतदाता जागरूकता व्यापक स्तर तक पहुंच सके। बच्चों के जोश और रचनात्मकता ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया। अंत में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से न केवल बच्चों में कला का विकास होता है बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ती है।

## मेहंदी और रंगों के माध्यम से जीविका दीदियों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**केटी न्यूज/नावानगर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बक्सर, डॉ. विद्यानंद सिंह के निदेर्शानुसार आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में नावानगर प्रखंड स्थित सीएलएफ केंद्र पर जीविका दीदियों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीविका दीदियों ने मेहंदी प्रतियोगिता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए हाथों में लोकतंत्र और मतदान से जुड़े संदेशों को मेहंदी के जरिए उकेरा। कार्यक्रम के दौरान दीदियों ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प दोहराते हुए समाज में मतदाता जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित जनसमूह और प्रतिभागियों ने भी मतदाता शपथ ली। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अपने परिजनों तथा समाज के अन्य योग्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र का पर्व महान, करें सभी मिलकर मतदान, हर वोट है अनमोल, यही है लोकतंत्र का मूल, शत-प्रतिशत मतदान से ही सशक्त होगा लोकतंत्र जैसे नारे गूंजते रहे। स्वीप कोषांग बक्सर द्वारा उप विकास आयुक्त के वरीय प्रभार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर लगातार रचनात्मक गतिविधियां चलाई जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

## नया भोजपुर में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने निकाला फ्लैग मार्च

- फ्लैग मार्च निकाल पुलिस प्रशासन ने दिए भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने का संदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को नया भोजपुर थाने की पुलिस ने स्थानीय गांव में फ्लैग मार्च निकाल भयमुक्त माहौल में मतदान का संदेश दिया। यह फ्लैग मार्च थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में निकाला गया था। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की गई और अफवाहों से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य चुनाव से पूर्व सुरक्षा की समीक्षा और जनता में विश्वास कायम करना है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया



जाएगा तथा किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने या सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रशासन आचार संहिता के नियमों का अनुपालन कराने को लेकर चौबीसों घंटे सक्रिय है। बता दें कि इसके पहले भी नया भोजपुर थाने की पुलिस अर्द्धसैनिक बलों के साथ थाना क्षेत्र के अन्य गांवों में फ्लैग मार्च निकाल लोगों को यह साफ संदेश दे चुकी है कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों की इस बार खैर नहीं होगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि फ्लैग मार्च के साथ ही वाहन चेकिंग अभियान को तेज कर दिया गया है। इसके अलावे शराब, मादक पदार्थ तथा रूपयों की तलाशी भी तेज कर दी गई है। ताकि, मतदान किसी तरह से प्रभावित न हो सके।




# डुमरांव शहर और विस्तारित क्षेत्र के 18 नदी, नहर और तालाबों में होगी छठ पूजा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

छठ पूजा की तैयारी में नगर परिषद ने अपनी ताकत झोक दिया है। नप ईओ राहुलधर दूबे और कार्यवाहक चेयरमैन विकास कुमार ने सभी घाटों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति को जाना और समझा। हर घाटों की कमी को चिन्हित करते हुए उसे सही करने की दिशा में कार्यक्रम भी शुरू किया गया। इस संबंध में दोनो अधिकारियों ने बताया की कुल 18 घाटों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित घाटों में बहुत से कमी पायी गई है, जिसे बनाने के लिये कर्मियों को आदेशित कर दिया गया है। इतना ही नहीं कुछ घाटों पर जाने वाले रास्ते भी बहुत खराब हैं, उसे भी बनाया जाएगा। दोनो अधिकारियों ने बताया की खराब चयनित घाटों में डुमरांव शहर और विस्तारित क्षेत्र के घाट शामिल हैं। 9 घाट विस्तारित और 9 घाट डुमरांव शहर के खराब हैं। शहर के खराब 9 घाटों में छठिया पोखरा, सूरत राय पोखरा, डुमरांव प्रखंड कार्यालय पोखरा, काली मंदिर खिरौली पोखरा, शिवमंदिर खिरौली पोखरा, काली मंदिर लालगंज कड़बी पोखरा, नया तलाब जगनारायण सिंह पोखरा, टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल पोखरा एवं जंगली शिवमंदिर पोखरा शामिल हैं। वहीं विस्तारि क्षेत्र के छठ घाटों में बुलंदी घाट, झरना घाट, बिन टोली घाट, पूरब टोला नया भोजपुर पोखरा घाट, नावाडेरा पोखरा घाट, बनकट काली मंदिर पोखरा घाट, काव नदी सिमरी रोड घाट एवं डीएसपी आवास शिवमंदिर घाट शामिल है। उन्होंने बताया की नगर परिषद घाट को ब्रतियों और उनके परिवार के लोगों को घाट पर आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हो, उसके लिये लाइट का भी प्रबंध करेगा। मालूम हो कि शहर ही नहीं विस्तारित क्षेत्र के कुछ घाट ऐसे हैं, जिनका अस्तित्व ही पूरी तरह से मिट चुका है, जिसे बनाने में नप को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।



# महज कुछ घंटे में पुलिस ने किया चोरी मामले का उद्भेदन, चोरी के रूपयों समेत दो गिरफ्तार

- **तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव की है घटना, त्वरित उद्भेदन से पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

चोर उचक्कों के प्रति पुलिस की मुश्तैदी बढ़ गई है। डुमरांव एसडीपीओ पोलत्स कुमार के नेतृत्व में तिलक राय के हाता थाने की पुलिस ने चोरी के एक मामले का महज कुछ घंटे के अंदर ही उद्भेदन कर चोरी गए रूपयों के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को एसडीपीओ पोलत्स ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

एसडीपीओ ने बताया कि बड़का राजपुर निवासी रतन कुमार केशरी पिता टुनटुन केशरी के घर में शुक्रवार की अहले सुबह चोरों ने घर के पिछवाड़े की दीवाल पर सीढ़ी के सहारे चढ़ घर में प्रवेश किए तथा बक्से में रखा नगद 4 लाख 53 हजार रूपए के साथ ही सोने का एक मंगटीका, कान की बाली, एक जोड़ी अंगुठी चुरा लिया। सुबह में जब घरवालों की नींद खुली तथा बक्से का टूटा ताला देखा तो चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद रतन ने तत्काल इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। जानकारी मिलते ही तिलक राय हाता की थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने एसपी शुभम आर्य को इस घटना से अवगत कराया। एसपी ने डुमरांव एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर तत्काल इस मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने इस मामले में गांव में जब अपने मुखबीरों से सहयोग लिया तो पता चला कि बड़का राजपुर निवासी ही दीपक गुप्ता पिता पप्पू साह अक्सर छोटी मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ पूछताछ की तो सच्चाई परत-दर परत खुल गई। दीपक के निशानदेही पर पुलिस ने उसी गावं के विवेक यादव पिता कन्हैया यादव के घर छापेमारी की, जहां से चोरी गए रूपयों में से दो लाख 95 हजार 90 रूपए बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने विवेक को भी गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि चोरी गए अन्य रूपए तथा आभूषण को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। इस मामले में अन्य की भूमिका की जांच भी की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं, चोरी के इस वारदात के त्वरित उद्भेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित करने की बात भी एसडीपीओ ने कही।

प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ के अलावे तिलक राय के हाता थानाध्यक्ष पूजा कुमारी, एसआई अफताब आलम, एएसआई रजनीश कुमार, राजू कुमार व अमरजीत कुमार आदि तिलक राय के हाता थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# छह महीने से नहीं हुई है नाली की साफ-सफाई, जलजमाव व सड़ांध से बढ़ी परेशानी





- **हाल नगर के वार्ड 18 स्थित कमल नगर मोहल्ले का**
- **महाराजा पेट्रोल पंप के निकास के पास निर्माण के साथ ही टूट गया था नाली का स्लैब, निर्देश के बावजूद नहीं हुई मरम्मत**

> वार्ड 18 के कमल नगर मोहल्ले में सफाई के अभाव में नाली में महीनो से पानी जमा होना गंभीर मामला है। शीघ्र की इसकी जांच कर जिम्मेवार लोगों पर कारंवाई की जाएगी तथा इसकी सफाई करा जलकिनासी को सुद्दढ़ किया जाएगा।
>
> **राहुल धर दूबे, ईओ, नगर परिषद, डुमरांव**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सफाई के नाम पर हर महीने 90 लाख रूपए खर्च करने के बावजूद डुमरांव नगर परिषद सफाई के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है, खासकर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से कई मोहल्लो में नालियों का पानी ओवर फ्लो कर रहा है तो कई जगहों पर लंबे समय से नाली में जमे पानी से सड़ांध उठने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है।

सबसे खराब स्थित नगर के वार्ड 18 स्थित कमल नगर मोहल्ले की है। इस मोहल्ले की नाली की सफाई पिछले छह माह से अधिक समय से नहीं हुई है। बता दें कि इस मोहल्ले में जलनिकासी के लिए राजकालीन नाला भी है, जिससे मोहल्ले की नाली को जोड़ा गया था, लेकिन पिछले साल महाराज पेट्रोल पंप के सामने नगर परिषद द्वारा नाली के उपर स्लैब ढाला गया था। यह स्लैब काफी घटिया मेटेरियल से बनाया गया था, जिस कारण निर्माण के साथ ही स्लैब टूट गया। जिसके बाद से ही यह समस्या बनी हुई है।

हालांकि, स्लैब टूटने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने इसे दुबारा बनाने का निर्देश संवेदक को दिया था, लेकिन वह निर्देश हवा हवाई साबित हुआ, जिसका परिणाम है कि जिस मोहल्ले में कभी भी जलजमाव नहीं होता था तथा नालियां हमेशा साफ रहती थी, उस मोहल्ले की नाली सड़ांध से बजबजा रही है। जिस कारण स्थानीय लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश गहरा गया है।

मोहल्ले के धीरज ठाकुर ने बताया कि कई बार नगर परिषद के अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई, बावजूद उनके कान पर जूं नहीं रेका है। धीरज ने कहा कि सफाई के अभाव में यहां कई महीने से नाली का गंदा पानी जमा है, जिसके सड़ांध से घर में रहना मुश्किल होता है। वहीं, संदीप ओझा का कहना है कि घर के सामने नाली के उपर पानी ओवर फ्लो कर रहा है, शिकायत करने पर भी कोई सुनने वाला नहीं है, जबकि नगर परिषद प्रशासन हर माह सफाई के लिए 90 लाख से अधिक रूपए खर्च कर रही है तथा इसकी सफाई की जिम्मेवारी के लिए स्वच्छता अधिकारी की तैनाती भी की गई है, लेकिन नगर परिषद के स्वच्छता अधिकारी को यहां महीनो से नाली में जमा गंदा पानी नहीं दिखाई पड़ रहा है। जबकि दशरथ राय, बब्लू सिंह, छोटे सिंह आदि का कहना है कि पेट्रोल पंप के सामने नाली में मिट्टी जमा हो टीला जैसी बन गई है तथा उसमें घास उग आए है, जो इस बात के प्रमाण है कि लंबे समय से नगर परिषद प्रशासन इस नाली के सफाई के प्रति उदासीन बना हुआ है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाला निर्माण में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि जब पुरानी नाली थी तो पानी आसानी से निकल जाता था, लेकिन पिछले साल नाला व स्लैब निर्माण के बाद से जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। जाहिर है मानकों को ताक पर रख ही नाले व स्लैब का निर्माण कराया गया है, जिस कारण मोहल्लेवासियों का आक्रोश गहराते जा रहा है।

## एक नजर

### विधान सभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अन्य को भी जागरूक करें : डीएम

**डुमरांव।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बक्सर ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम मतदाताओं में जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रम है। यह एक बृहद कार्यक्रम है जो विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों, मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करता है। ताकि उनकी जागरूकता बढ़ाई जा सके और मतदान में उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके। मतदाता अपने मतदान करें ही और अन्य को भी इसके लिये उत्प्रेरित करें। भारत निर्वाचन आयोग का प्रत्येक नागरिक को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने और प्रत्येक चुनाव में सूचित एवं नैतिक तरीके से मतदान करने के लिए जागरूक, सक्षम एवं सशक्त बनाना उद्देश्य है। स्वीप गतिविधियों को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वीप गतिविधियों को बड़े स्तर पर/उत्सवी माहौल के रूप में मनाने की अपील की है। स्वीप गतिविधियों में भाग लेकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु जागरूक करना व अपने अधिकार, मतदान का प्रयोग करना है।

### चौसा समेत चार स्थानों पर खुलेगा ओपन जिम, 28 लाख की स्वीकृति

**बक्सर।** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत बक्सर जिले के चार स्थानों पर ओपन जिम की स्थापना को बिहार सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए कुल 28 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। खेल विभाग के अनुसार, जिले में ओपन जिम की स्थापना समाहरणालय आवासीय कॉलोनी परिसर, हनुमान मंदिर के पास अखौरीपुर गोला (वार्ड संख्या 12), आदर्श उच्च विद्यालय चौसा के खेल मैदान तथा नरबतपुर हनुमान मंदिर के पास (वार्ड संख्या 1) में की जाएगी। इन सभी स्थलों पर जिम उपकरणों व मशीनों की स्थापना की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी को दी गई है। राशि की निकासी जिला कोषागार से की जाएगी। निर्देश के अनुसार, प्रत्येक स्थल पर ह्लखेल विभाग, बिहार के सौजन्य सेह्व लिखित बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। बताया गया कि ओपन जिम की स्थापना का उद्देश्य युवाओं और आम जनता को शारीरिक फिटनेस एवं खेलकूद के प्रति प्रेरित करना है। नगर पंचायत चौसा की अध्यक्ष किरण देवी ने बताया कि फरवरी माह में नगर पंचायत की ओर से चौसा, अखौरीपुर गोला, आदर्श हाई स्कूल व नरबतपुर में ओपन जिम की मांग की गई थी, जिसकी स्वीकृति 18 सितंबर को प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि इस योजना से चौसा क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क व्यायाम की सुविधा मिलेगी और स्वस्थ समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, छात्राओं ने दिखाया अपना जलवा

**डुमरांव।** स्थानीय प्रखंड के भोजपुर जदीद स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को वोट देने हेतु जागरूक करने के लिये चित्र प्रस्तुतत कर उन्हें उत्प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया गया कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी हिस्सेदारी निभाएंगे तथा घर-घर जाकर अपने-अपने माता- पिता एवं सभी बड़ों के साथ अपने मोहल्ले के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करेंगे। बच्चों को बताया गया की हमें प्रयास करना है कि आगामी छह नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्येक नागरिक अपने बूथ पर जाएं और निश्चित रूप से मतदान करें। इस बार एक भी वोट छूटे नहीं, इसको मन में ठान लेना है। इस दौरान छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्साहवर्धक माहौल में मतदाता जागरूकता से संबंधित शानदार चित्र उकेरीं। स्लोगन प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखीं। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षिका सह साहित्यकार मीरा सिंह मीरा की देख देख में हुआ।

# छेरा नदी में डूबे युवक का मिला शव, शादी से पहले घर में मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**केटी न्यूज/केसठ**

शुक्रवार देर शाम उस वक्त मातम में बदल गई जब छेरा नदी में डूबे युवक अयोध्या कुमार 19 वर्ष का शव एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। उसका शव एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को दोपहर में खोज निकाला। जैसे ही शव को बाहर निकाला गया, घटनास्थल पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। मां-बाप और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल बन गया था।गौरतलब है कि केसठ गांव निवासी राज कुमार साह उर्फ वचन साह का पुत्र अयोध्या कुमार गुरुवार को अपने छह दोस्तों के साथ छेरा नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद से ही गांव में मातम का माहौल बना हुआ था।शुक्रवार सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर नदी में लगातार तलाशी अभियान चला रहे थे। दो दिनों की अथक खोजबीन के बाद शाम को शव बरामद किया गया। नदी के किनारे सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शव निकलते ही माहौल गमगीन हो गया था।मृतक अयोध्या कुमार कुछ महीने पहले ही गैर प्रदेश की एक निजी कंपनी में काम करने गया था। परिवार के सपनों का सहारा माने जाने वाले अयोध्या की कुछ ही दिनों में शादी तय हुई थी। लेकिन उससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा पूरे परिवार को तोड़ गया।

# सर्पदंश से देवढ़िया अधेड़ की मौत, गांव में पसरा मातम

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के देवढ़िया गांव में गुरुवार की रात सर्पदंश से 55 वर्षीय विनोद ठाकुर की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात जब विनोद ठाकुर अपने घर पर परिवार के साथ सो रहे थे, तभी एक विषैला सांप घर में घुस आया और उन्हें डंस लिया। परिवार वालों ने सुबह उनकी तबीयत बिगड़ती देख तुरंत सीएचसी राजपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया।घर लौटने के कुछ घंटे बाद, शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे उनकी तबीयत अचानक फिर से बिगड़ गई। परिजन दोबारा उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी में ही थे कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक विनोद ठाकुर, मध्य विद्यालय देवढ़िया में कार्यरत रसोईया शांति देवी के पति थे। उनकी असामयिक मृत्यु की खबर से विद्यालय परिवार शोकाकुल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद असजद, शिक्षक राकेश तिवारी, धनंजय मिश्र, मंजू देवी सहित अन्य शिक्षकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सभी ने एक स्वर में सरकार से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।




# नवनियुक्त बीडीओ ने किया क्षेत्र का भ्रमण, शिक्षकों को लगाई फटकार, विकास कार्यों की समीक्षा



**केटी न्यूज/केसठ**

नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने पदभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।भ्रमण के क्रम में बीडीओ सबसे पहले प्रखंड मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय की छुट्टी के बाद शिक्षक बच्चों को बिना निगरानी के खेल के लिए छोड़ देते हैं। यह देखकर बीडीओ नाराज हो गए और शिक्षकों को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिया कि बच्चे केवल शिक्षकों की मौजूदगी में ही खेल गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन और जिम्मेदारी सर्वोपरि है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद बीडीओ ने नवनिमार्णाधीन सीएचसी अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की प्रगति देखकर वे संतुष्ट नजर आए, साथ ही संबंधित अधिकारियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल जनता की बुनियादी जरूरत से जुड़ा है, इसलिए निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भ्रमण के दौरान बीडीओ ने विभिन्न मतदान बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ को मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए और मतदान केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त रखने का आदेश दिया। बीडीओ ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी व प्रभावी बनाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों से ईमानदारी और तत्परता से काम करने की अपील की।



# दिनारा : विधानसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

■ पुलिस मार्च एवं एरिया डोमिनेशन अभियान से इलाके में सुरक्षा हुई सख्त



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रोहतास जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। संभावित गड़बड़ियों पर रोक लगाने और मतदाताओं में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से दिनारा प्रखंड के नटवार व भानस थाना क्षेत्र में पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने व्यापक एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च अभियान चलाया। नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के नटवार बाजार, तेनुअज टोला,मुंशी डिहरी,बिसुनपुरा,अहरांव व असियां सहित कई संवेदनशील गांवों में पुलिस बल ने पैदल गश्ती कर लोगों को शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जो अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों से संवाद भी किया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है ।किसी भी तरह की अशांति या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । जनता निडर होकर मतदान करें,उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पुलिस की है । वहीं दूसरी ओर भानस थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष विजय बैठा के नेतृत्व में डोईयां,पीठवैयां,मनीपुर,विश्रामपुर व पिथनी गांवों में सीआरपीएफ के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया । गश्ती के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि वे किसी अफवाह पर ध्यान न दें और मतदान के दिन शांति से मतदान करें। थानाध्यक्ष विजय बैठा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। किसी भी असामाजिक तत्व को कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस 24 घंटे गश्त और निगरानी में जुटी है। दोनों थाना क्षेत्रों में हुए इस अभियान से ग्रामीणों में विश्वास और सुरक्षा की भावना स्पष्ट रूप से देखी गई । लोग खुले तौर पर कहने लगे हैं कि इस बार चुनाव पहले से कहीं अधिक शांति और निष्पक्षता के साथ संपन्न होगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्ती और सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा,ताकि चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की गुंजाइश न रहे।

# ट्यूशन पढ़ने जा रहे अरक्के बेटे को कंटेनर ने रौंदा, गुस्साए लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

**केटी न्यूज/आरा**



आरा में एक कंटेनर ने ट्यूशन जा रहे एएसआई के बेटे को कुचल दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास कर रही है।नवादा थाना क्षेत्र के धोबी घटवा-जीरो माइल के बीच स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में ट्यूशन पढ़ने जा रहे बाइक सवार एएसआई (जमादार) के पुत्र की मौत हो गई। तेज रफ्तार कंटेनर ने उसकी बाइक को सामने से रौंद दिया, जिससे मौके पर ही गंभीर रूप से जख्मी होकर उसने दम तोड़ दिया, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद चालक कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान आयर थाना क्षेत्र के मेदापुर गांव निवासी सुनील कुमार के 15 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। वह दसवीं कक्षा का छात्र था और वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के कृष्णानगर भेलाई रोड स्थित अपने मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था।मृतक के पिता सुनील कुमार बिहार पुलिस में जमादार हैं और फिलहाल पटना जिला स्थित जीआरपी (रेल पुलिस) में पदस्थापित हैं। हादसे का कारण सड़क किनारे बालू डंप करना एवं तेज रफ्तार परिचालन बताया जा रहा है। इधर, हादसे के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने पेट्रोल पंप के समीप सड़क जाम कर मुआवजा, बालू डंप करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई और कंटेनर चालक की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने करीब ढाई घंटे तक सड़क को जाम रखा, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस प्रशासन के प्रयास से जाम हट सका। रंजीत रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी अपने दोस्त के साथ ट्यूशन के लिए बाइक से निकला था। इस दौरान पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे डंप बालू के कारण संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे रौंद दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां सुनीता देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। रंजीत अपने दो भाइयों और दो बहनों में तीसरे स्थान पर था। हादसे की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। पुलिस ने बताया कि कंटेनर चालक की पहचान की जा रही है।

## कोचिंग से घर लौट रहे छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

आरा-सासाराम रेलखंड पर शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर लहठान भवन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गयी. इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया. घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा. जानकारी के अनुसार मृत छात्र बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर गांव निवासी अनिल राय का 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु राय है. वह इंटर का छात्र था. वर्तमान में वह जगदेव नगर में किराये के मकान में रहता था. इधर, मृतक के फुफेरे भाई नीतीश प्रधान ने बताया कि वह हर रोज की तरह शुक्रवार की दोपहर कोचिंग पढ़कर वापस घर लौट रहा था. लौटने क्रम में वह जगदेव नगर लहठान भवन के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी सासाराम की तरफ से आ रही ट्रेन से उसे झटका लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया. बताया जाता है कि मृतक अपने दो बहन व एक भाई में बड़ा था. वह अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था. उसके परिवार में मां नीतू देवी व दो बहन छोटी एवं पार्वती है. मृत छात्र के पिता अनिल राय सिकंदराबाद में रहकर प्राइवेट गार्ड का काम करते हैं. घटना के बाद मृतक की मां नीतू देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत, घर में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**



धोबहां थाना क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गयी. मृतका के शरीर पर दाहिने पैर के घुटने पर एक दाग पाया गया है. हालांकि विवाहिता की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है. वहीं मायके वालों द्वारा ससुरालवालों पर ही उसे मारने की बात कही जा रही है. जानकारी के अनुसार मृतका धोबहां थाना क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव निवासी ओम प्रकाश पांडेय की 27 वर्षीया पत्नी प्रियंका देवी है. इधर, बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव निवासी मृतका के भाई ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी धोबहां थाना प्रभारी क्षेत्र के बाघाकोल तेतरिया गांव निवासी ददन पांडेय के पुत्र ओम प्रकाश पांडेय से सात जुलाई, 2022 में की थी. शादी के डेढ़ साल बीत जाने के बाद उसकी सास और ननद द्वारा उसे बराबर प्रताड़ित किया जाता था. जिसको लेकर वह अपने मायके वालों से उनकी शिकायत की थी. गुरुवार की शाम उसकी बहन द्वारा फोन कर उससे बातचीत की गयी थी. इसी बीच शुक्रवार की सुबह उसके ससुराल के ग्रामीण द्वारा उन्हें सूचना दी गयी की उनकी बहन की मौत हो गयी है. सूचना पाकर वे बहन के ससुराल पहुंचे, तो देखा कि उसके कमरे का दरवाजा बंद है. उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी. सूचना पाकर स्थानीय थाना वहां पहुंची. तब उसके कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा गया, तो वह मृत अवस्था में अपने पलंग पर पड़ी हुई थी. जिसके बाद पुलिस के उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया. वहीं, दूसरी तरफ मृतका के भाई ने उसके ससुराल वालों पर उसे मारने का आरोप लगाया है. जबकि पुलिस द्वारा बनाये गये मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है. हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा. वहीं धोबहां थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि एक माह पूर्व मृतका के सास-ससुर थाने पर आये थे कि उनकी बहू दोनों को काफी परेशान करती है. इसे लेकर डायल 112 नंबर पुलिस वाहन को भेजा गया था और समझाकर पुलिस चली आयी थी. गुरुवार की दोपहर भी उसके ससुर ददन पांडेय व सास थाना पर आये थे और अपनी बहू के खिलाफ खुद को परेशान करने के संबंध में आवेदन भी दिया था, जिसके बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन जाकर चली आयी थी. इसी बीच यह घटना घट गयी. जब पुलिस वहां पहुंची तो मृतका के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था. उसे तोड़ा गया, तो वह मृत अवस्था में पलंग पर पड़ी थी. बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है. बताया जाता है कि मृतका अपने तीन बहन व एक भाई में बड़ी थी.शादी के तीन साल बीत जाने के बाद भी उसे कोई संतान नहीं था. उसके परिवार में मां व दो बहन एवं एक भाई है. घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जिला के डीआरडीए सभागार में प्रवर्तन एजेंसियों के साथ हुई बैठक

**केटी न्यूज/रोहतास**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की गई। जिसमें बताया गया के निर्वाचन व्यय के सफल अनुश्रवण हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच गहन समन्वय का होना अतिआवश्यक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने हेतु उनके बीच नगद, शराब, मादक पदार्थ बहुमूल्य वस्तु उपहार अथवा रिश्वत आदि के रूप में वितरित किया जाता है। ऐसी स्थिति में अवैध परिचालन एवं वितरण पर कड़ी नजर रखने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय होना आवश्यक है। जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों को यह भी बताया गया कि उपर्युक्त गतिविधियों पर नजर रखने हेतु जिला अन्तर्गत 22 एसएसटी एवं 22 एफसीटी का गठन किया गया है जिनके द्वारा 24 घंटे जांच कार्य किया जायेगा जिनके साथ समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास द्वारा यह भी बताया गया कि मद्य निषेध, पुलिस विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों को सम्मिलित करते हुए मल्टी एजंसी चेक पोस्ट बनाया गया है जो 24 घंटे कार्यशील है। बैंक के नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से सभी बैंकों को निदेशित करें कि चुनाव के दौरान यदि किसी बैंक खाता से छोटी-छोटी मात्रा में बड़ी संख्या में ऑनलाईन माध्यम से राशि का संदेहास्पद अंतरण हो रहा है तो इसकी सूचना शीघ्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी को दी जाय। पोस्टल विभाग के नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पार्सल के स्कैनिंग एवं चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। आय कर विभाग के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी को नजर रखने हेतु निदेशित किया गया। जो सीजीएसटी एवं एसजीएसटी के नोडल पदाधिकारियों को साड़ी, धोती, टी शर्ट आदि गतिविधि पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जांच के दौरान व्यवहार रखना है तथा आयोग द्वारा निर्गत एसओपी का पालन करते हुये यह ख्याल रखना है कि किसी भद्र नागरिक को कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सभी एजेंसियों के जिला नोडल पदाधिकारी का निदेशित किया गया है।

## एक नजर

### शराब साथ दो गिरफ्तार

**काराकाट।** कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनी से हृदयानंद साह पिता स्वर्गीय देव नन्दन साह को 6 लीटर एवं मनोज सिंह पिता राम अवतार सिंह को 1.6 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई हेतु सभी आवश्यक कागजातों के साथ न्यायालय भेज दिया गया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने दी।

### विभिन्न कांड के दो अभियुक्त को जेल

**बिक्रमगंज।** पुलिस ने अलग-अलग कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना में दर्ज कांड संख्या 687/25 के अभियुक्त महेश सिंह ग्राम डिहरा एवं कांड संख्या 511/25 के अभियुक्त बहादुर सिंह ग्राम मोरौना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

**दावथ।** पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि थाना क्षेत्र के इमिरता निवासी मुन्ना सिंह एवं आलोक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटी के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए बिक्रमगंज से भक्त गण किए प्रस्थान

**बिक्रमगंज ।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत काराकाट विधान सभा से भक्तों की टोली चिल्वासा दादरा एंड नगर हवेली लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए बिक्रमगंज से भक्त गण किए प्रस्थान श्री श्री 108श्री लक्ष्मी प्रपन्ना जियर स्वामी जी महाराज के परम शिष्य प.दशरथ मिश्रा गच्छई ने अपने सहयोगी के साथ बिक्रमगंज से प्रस्थान किए श्री मिश्रा ने बताया कि जीयर स्वामी जी के सानिध्य में जो यज्ञ किया जाने वाला है उसने हमलोग भाग लेने के लिए हमलोग चिल्वासा जा रहे है हम लोग अपने गुरु के आशीर्वाद वचन को सुनने के लिए हमलोग जा रहे हैं प्रभु के अवतार है स्वामी जी इनके द्वारा दिया हुआ आशीर्वाद वचन मावन को कल्याण का मार्ग दिखाता है संत की बाणी का अक्षरतः पालन करना ही हमलोगों का धर्म है चातुमार्शा के बाद यह पहला महायज्ञ होने जा रही है जिस में जाकर हमलोग धन्य हो जाएंगे।

### जुआ गिरोह के चार जलसाज रुपए और मोबाइल साथ गिरफ्तार

दिनारा। दिनारा पुलिस ने नेशनल हाईवे 319 मुख्य मार्ग पर दिनारा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के किनारे जुआ खेलते चार आरोपी को धर दबोचा। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि उक्त स्थल से दिनारा निवासी जावेद अंसारी,याकूब अहमद,सलमान शाह एवं सुकर राम को जुआ खेलते पुलिस ने घर दबोचा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 37 हजार 700 नगद राशि, चार मोबाइल एवं एक ताश का पत्ता बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 468/25 के तहत संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### विधानसभा चुनाव को लेकर मॉक ड्रिल सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सासाराम ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण के दौरान कराया जा रहा है ईवीएम मॉक ड्रिल। प्रशिक्षण कोषांग एवं ईवीएम कोषांग के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षण पा रहे सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी शाहिद संजय सिंह महिला कॉलेज भभुआ में मॉक ड्रिल कराकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत कम से कम 100-100 वोट डालकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो चुनाव आयोग की इस पहल से सभी प्रशिक्षणार्थी संतुष्ट है एवं इसकी सराहणा की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कोषांग का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण सही ढंग से तत्परता के साथ लेने का निदेश दिया गया।

### गुमशुदा किशोर को पुलिस ने बरामद कर उसके परिवार को सौंपा



**तिलौथू ।** थाना क्षेत्र के तिलौथू बाजार से एक 13 वर्षीय गुमशुदा किशोर को स्थानीय पुलिस ने बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि तिलौथू में एक 13 वर्षीय किशोर के भटक कर तिलौथू आने की सूचना मिलते ही उसे स्थानीय थाने पर लाया गया। जो किशोर मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर प्रतीत हो रहा है। जिससे काफी पूछताछ के बाद भी उसके घर का सही पता नहीं चल पाया। लेकिन काफी प्रयास के बाद उसके परिजनों से संपर्क हो सका युवक की पहचान जितेंद्र कुमार बिंद, पिता पिंटू बिंद के रूप में हुई है। जो कैमूर जिले के भभुआ का रहने वाला है। परिजनों के सूचना के पश्चात परिजन थाना पहुंचे और बताया कि उसके इलाज के लिए डेहरी के चिकित्सक उदय कुमार सिंहा के यहां लाया गया था। जहां से लड़का भटक गया और तिलौथू पहुंच गया। किशोर को उसके परिजन अपने साथ ले गए।

# जवइनिया में कटाव पीड़ितों का संकट, घर-खेती और रोजगार खोया, सामुदायिक रसोई बंद

**केटी न्यूज/आरा**



जवइनिया गांव के कटाव पीड़ित परिवारों के पुनर्वासन एवं दाना पानी का मुद्दा विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा माना जा रहा है। क्योंकि गांव का लगभग अस्तित्व समाप्त हो चुका है और हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष अपने परिवार के साथ दामोदरपुर बांध पर तिरपाल एवं झोपड़ीनुमा घर बनाकर पिछले तीन महीने से रहने को विवश है। वहीं सरकार द्वारा कटाव पीड़ित परिवारों के लिए तीन महीने से सामुदायिक रसोई चलाया जा रहा था। लेकिन पांच अक्टूबर से सामुदायिक रसोई को बंद कर दिया गया। इसके बाद से कटाव पीड़ित परिवारों के समक्ष दाना पानी की समस्या उत्पन्न हो चुकी है। कटाव पीड़ितों की माने तो उनके घर में अन्न का दाना तक नहीं बचा है। आखिर उनके परिवार और बच्चे क्या खाएंगे। घर बार गंगा नदी में विलीन हो चुका है। खेती-बाड़ी समाप्त हो चुकी है। काम धंधा मिल नहीं रहा है। ऐसे में परिवार को चलाना बेहद मुश्किल हो रहा है। कटाव के कारण करीब 300 से ज्यादा परिवार विस्थापित होकर तटबंध पर शरण लिए हुए हैं। वहीं बहुत सारे परिवार अपने नाते रिश्तेदारों के घर भी विस्थापन की जिंदगी बसर कर रहे हैं। अब ठंड का मौसम आने वाला है और तिरपाल एवं झोपड़ी में जीवन कैसे गुजरेगा या यक्ष प्रश्न है! वहीं सरकार द्वारा करीब 100 कटाव पीड़ितों को जमीन का पर्चा भी दिया गया है। लेकिन पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जा सकता है। इसमें भी 29 परिवारों को दामोदरपुर बांध के दक्षिणी हिस्से में पर्चा दिया गया है। जबकि 70 परिवारों को गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर बिलौटी पंचायत में जमीन को आवंटित कर पर्चा दिया गया है। इस वर्ष के कटाव पीड़ित 182 परिवारों में से मात्र 111 परिवारों को ही मकान विलीन होने के लिए एक लाख बीस हजार रुपये का मुआवजा राशि मिल पाया है।

## 71 परिवारों को मुआवजे की राशि का इंतजार

जबकि 71 परिवारों को अब तक मुआवजे की राशि भी नहीं मिल सकी है। जबकि कटाव से प्रभावित लोगों की तीसरी सूची भी बनाई जा रही है। जिसमे करीब पचास परिवारों को शामिल किया गया है। फिलहाल तीसरी सूची के कटाव पीडितो को किसी तरह का मुआवजा नही मिल पाया है।

# पुराना मकान तोड़ने के क्रम में गिरा दीवार, एक मजदूर की मौत

**केटी न्यूज/रोहतास**



थाना क्षेत्र के घोसियां गांव में देवमुनी चौधरी के पुराना मकान तोड़ने के दौरान मकान गिरने से मलवे में दब जाने से पियरा बाल निवासी एक मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में दूसरा मजदूर सिकंदर बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसका इलाज नोखा के अस्पताल में कराने के बाद चिकित्सक ने सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घोसिया में मकान गिरने की सूचना मिलने पर नोखा सीओ मधुसूदन चौरसिया और थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार तत्काल घटनास्थल पर पहुंच मजदूर को बचाने में जुट गए। उन्होंने नगर परिषद के जेसीबी द्वारा आनन-फानन में मलवा को हटवाया। लेकिन तबतक देर हो चुकी थी। घटना संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मृतक कृष्णा चौधरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है।

# हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास 11 अक्तूबर से होगा चालू, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**एजेंसी/पटना**

हाजीपुर, मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण अत्याधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक से किया गया है। इसमें 66 अंडरपास, 4 माइनर ब्रिज और एक आरओबी का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं से स्थानीय निवासियों और वाहनों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की गई है।मुजफ्फरपुर जिलेवासियों के लिए राहत और विकास की नई सौगात लेकर हाजीपुरझमुजफ्फरपुर बाईपास अब तैयार है। यह बाईपास 11 अक्टूबर से आम जनमानस और यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके शुरू होने से मुजफ्फरपुर शहर




की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम व तेज हो जाएगा। यह बाईपास 16.87 किलोमीटर लंबा है और हाजीपुर मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-63.17) खंड का हिस्सा है। इसके निर्माण से न सिर्फ शहर के भीतर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि दरभंगा, मोतिहारी, सीतामढ़ी, वैशाली और समस्तीपुर जैसे आसपास के जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग सुविधाजनक साबित होगा।हाजीपुरझमुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण अत्याधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक से किया गया है। इसमें 66 अंडरपास, 4 माइनर ब्रिज और एक आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) का निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं से स्थानीय निवासियों और वाहनों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की गई है। अंडरपास के जरिए ग्रामीण इलाकों को भी जोड़ा गया है, जिससे किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को सुगम आवाजाही की सुविधा मिलेगी।बाईपास के शुरू होने से हाजीपुर से दरभंगा, सीतामढ़ी या मोतिहारी की ओर जाने वाले भारी वाहनों को अब शहर के बीच से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। इससे शहर में ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, ईंधन की खपत घटेगी और प्रदूषण में भी गिरावट होगी। वाहन चालकों को घंटों तक जाम में फंसे रहने से मुक्ति मिलेगी, समय की बचत होगी और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने कहा कि हाजीपुरझमुजफ्फरपुर बाईपास का खुलना जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस मार्ग के शुरू होने से शहर के अंदर ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी और नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही यह मार्ग औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन विकास को भी नई दिशा देगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करते हुए इस नई सुविधा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। यह बाईपास जिले के सामाजिक और आर्थिक विकास का नया अध्याय खोलेगा।

# कैफे संचालक की गोली मारकर हत्या, लूट और रंजिश की आशंका

**एजेंसी/पटना**

बिहार में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य में शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब हत्या, लूट या छिनतई की कोई घटना सामने न आती हो। इसी क्रम में अब एक और दिल दहला देने वाला मामला पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी से सामने आया है, जहां एक सीएसपी और कैफे संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात घोड़ासहन थाना क्षेत्र के सपही टोला की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गुरमीत मठवा टोला निवासी 25 वर्षीय अनिल कुमार, पिता हीरालाल राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अनिल कुमार गांव में ही एक छोटी गुमटी लगाकर कैफे और आधार कार्ड से पैसे निकालने का काम करता था। गुरुवार की शाम वह अपने घर से निकला और शुक्रवार की सुबह उसकी लाश खेत में पड़ी मिली। मृतक के बड़े भाई नागेंद्र राम ने बताया कि गुरुवार शाम करीब छह बजे अनिल ने घर पर फोन कर बताया था कि वह भाभी के डॉक्टर के पास दवा लेने जाएगा। इसके बाद करीब सात से साढ़े सात बजे किसी ने अनिल को फोन किया।

# औरंगाबाद में पलटी नाव : 7 लापता, एक युवती की लाश मिली, अन्य की तलाश जारी

**एजेंसी/पटना**

बिहार के औरंगाबाद जिले में एक बड़ी त्रासदी सामने आई है। स्थानीय समयानुसार, नवीनगर प्रखंड के बड़े गांव के पास सोन नदी में नाव डूबने की घटना हुई है। यह हादसा तब हुआ जब कुछ लोग खेती करने और पशु चारा लाने के लिए नदी पार कर रहे थे। इस दौरान नाव संतुलन खो बैठी और उसमें सवार लगभग छह लोग पानी में डूब गए। हादसे में कुछ लड़कियों सहित कई लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के समय नाव में करीब एक दर्जन लोग सवार थे। नाव अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे कुछ लोग तुरंत नदी में गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांववासियों ने मदद के लिए प्रयास शुरू कर दिया। पास-पड़ोस के लोग और स्थानीय मछुआरे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और डूबे हुए लोगों को बचाने का प्रयास किया। इसके अलावा प्रशासन की ओर से भी टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना में डूबे लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे अन्य लोगों को खोजने का काम



जारी है। प्रशासन ने घटना स्थल पर सुरक्षा और बचाव व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं, घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई है। ग्रामीण और परिवारजन हादसे की खबर सुनकर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मृतक युवती की पहचान तमन्ना परवीन के रूप में की गई है, जिसकी उम्र केवल 21 वर्ष थी। वह बडेम गांव के निवासी सलीम अंसारी की बेटी थी। स्थानीय लोगों और प्रशासन की टीम ने नदी से उनका शव निकाल लिया। शव को सुरक्षित तरीके से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। तमन्ना के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है। परिवारजन और रिश्तेदार इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि सोन नदी पार करना उनके रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा है। लोग रोजाना खेती करने के लिए और पशु चारा लाने के लिए नाव का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि यह नदी कई बार खतरे का कारण भी बन चुकी है, लेकिन ग्रामीणों के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है। वहीं प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि नाव पार करते समय सभी सुरक्षा उपाय अपनाएं और भीड़ वाली नावों से बचें। इस हादसे ने इलाके में भय और चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ ग्रामीण मिलकर डूबे लोगों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी प्रभावित परिवारों को आवश्यक मदद दी जाएगी। हादसे की सूचना मिलते ही मीडिया और स्थानीय अधिकारियों ने भी घटना स्थल का दौरा किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर नदी में नाव चलाने के लिए कोई सुरक्षित पुल या मार्ग बनाया जाए तो इस तरह के हादसे भविष्य में रोके जा सकते हैं। अभी तक छह लोगों के डूबने की पुष्टि हुई है, जबकि कुछ अन्य लोग भी पानी में फंसे होने की आशंका है। खोज और बचाव कार्य जारी है। इस बीच, तमन्ना परवीन के परिवार को सांत्वना देने के लिए प्रशासन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुटे हैं। हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है और लोगों में नदी पार करने के प्रति सतर्कता बढ़ा दी है। यह हादसा हमें यह याद दिलाता है कि जीवन की अनिश्चितताओं से हमेशा सावधान रहना चाहिए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह नदी पार करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करें और जरूरत पड़ने पर मदद लेने से हिचकिचाएं नहीं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम लगातार खोज और बचाव कार्य में जुटी हुई है, ताकि बाकी बचे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके और भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके। इस तरह का हादसा बिहार के ग्रामीण इलाकों में रोजमर्रा की जिंदगी की कठिनाइयों और जोखिमों को उजागर करता है। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और स्थानीय समुदाय को मिलकर प्रभावी कदम उठाने होंगे। घटना की भयावहता और प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार भी आगे मदद मुहैया कराने की योजना बना रही है।

# सीपीआई ने बिहार चुनाव के लिए 24 उम्मीदवारों की सूची तेजस्वी को सौंपी

**एजेंसी/पटना**

सीपीआई के महासचिव डी. राजा ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 24 संभावित उम्मीदवारों की सूची तेजस्वी यादव को सौंप दी है। फिलहाल सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है। पटना में आयोजित सीपीआई राज्य परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए राजा ने कहा कि सीपीआई इंडिया ब्लॉक का एक घटक दल होने के नाते एनडीए सरकार को हराने और जनता की भलाई के लिए काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने 24 उम्मीदवारों की सूची क्ठउक्रअ ब्लॉक के संयोजक तेजस्वी यादव को सौंपी है। वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में सीपीआई ने 6 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 2 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि महागठबंधन की सीट शेयरिंग घोषणा से पहले सीपीआई एम ने दो उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है।इधर, राजा ने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों में एनडीए के शासन



में बिहार ने भारी नुकसान झेला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही केंद्र सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक और जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया, जिनकी वजह से महंगाई बढ़ी है और रोजगार के अवसर घटे हैं।उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूरे देश की निगाहें इस चुनाव पर टिकी हैं। हमें एनडीए सरकार को हटाकर इंडिया ब्लॉक की सरकार बनानी होगी ताकि एक समृद्ध और प्रगतिशील बिहार का निर्माण किया जा सके। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई, भूमि सुधार और पलायन जैसे जन-हित के मुद्दों पर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया गया। राजा ने कहा कि भाजपा राज्य की राजनीति पर वर्चस्व जमाने की कोशिश कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार ह्लसांप्रदायिक और फासीवादी ताकतों के खतरेह्व का सामना करेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा, अनुशासन और एकजुटता के साथ इंडिया ब्लॉक की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, चार लोग गंभीर रुप से घायल

**पटना।** बिहार के नवादा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां झारखंड से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा रजौली थाना क्षेत्र, मनियारा मोड़ के पास हुआ। स्कॉर्पियो में चार लोग सवार थे, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल लोगों को गाड़ी से बाहर निकालकर निकटतम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायल अपने घर नालंदा लौट गए हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों की स्थिति स्थिर है और उन्हें किसी गंभीर चोट से खतरा नहीं है।

# बिहार में होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र में डेढ़ दर्जन से अधिक महिला जवानों की तबीयत बिगड़ी, ट्रेनिंग सेंटर में मची अफरातफरी

**एजेंसी/पटना**

बिहार के वैशाली जिले के जढुआ स्थित होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण पाने वाली होमगार्ड की करीब डेढ़ दर्जन से अधिक महिला जवानों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद ट्रेनिंग सेंटर में अफरातफरी मच गई। सभी महिला जवानों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। अचानक एक दर्जन जवान के सदर अस्पताल के इमरजेंसी में आने पर अफरातफरी मच गई। बताया गया है कि प्रशिक्षण के दौरान ज्यादा थक जाने के कारण महिला जवानों का तबियत बिगड़ने लगा। होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में अफरातफरी मच गई। तबीयत बिगड़ने की सूचना आनन-फानन में



सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, सभी महिला जवान प्रशिक्षण करने के बाद अपने आवास पर चली गई थीं। इसके बाद एक एक करके सभी का तबीयत बिगड़ने लगा। पहले आधा दर्जन से अधिक को सदर अस्पताल लाया गया। इस संबंध में महिला जवानों के साथ आई जवानों ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद अचानक सब का तबीयत बिगड़ गया। छाया कुमारी, नेहा कुमारी, संजू कुमारी, छोटी कुमारी,सीमरण कुमारी,माफिया कुमारी, निधि कुमारी, सुप्रिया कुमारी, चंदा कुमारी, मीनू मिश्रा, खुशी कुमारी, पूजा कुमारी,उजाला कुमारी, अंजली कुमारी, मधु कुमारी, शिविनी सहित एक दर्जन से अधिक महिला जवानों को सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया है।

# सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को बड़ा झटका, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने थामा तेजस्वी का हाथ

**एजेंसी। पटना**

बिहार की सियासत में आज एक बड़ा भूचाल आ गया। जनता दल यूनाईटेड को पूर्णिया क्षेत्र में एक तगड़ा झटका देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा सांसद संतोष कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आज दोपहर एक बजे जदयू से इस्तीफा दे दिया हैं। पार्टी में लंबे समय से अनदेखी झेल रहे कुशवाहा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज दोपहर तीन बजे के बीच पटना में राजद की सदस्यता ग्रहण की। कुशवाहा के इस कदम से सीमांचल की राजनीति गरमा गई है। संतोष कुमार कुशवाहा ने जदयू छोड़ने के पीछे नेतृत्व की उपेक्षा को मुख्य



कारण बताया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दो बार सांसद रहने के बावजूद जदयू के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संतोष कुशवाहा को दरकिनार किया जाना ही उनके इस बड़े फैसले की वजह बना। उनके करीबियों का कहना है कि कुशवाहा राजद के टिकट पर धमदाहा विधानसभा सीट से मैदान में उतरेंगे।धमदाहा विधानसभा सीट वर्तमान में जदयू की वरिष्ठ नेत्री और राज्य सरकार में मंत्री लेसी सिंह के पास है। संतोष कुशवाहा के चुनावी मैदान में उतरने से इस सीट पर मुकाबला सीधा और बेहद कड़ा हो जाएगा। राजद का यह दांव जदयू के मजबूत किले में सेंधमारी करने की एक सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है। सीमांचल में संतोष कुशवाहा को कोइरी समुदाय का एक बड़ा नेता माना जाता है। धमदाहा विधानसभा में मुस्लिम, यादव के साथ कोइरी समाज के मतदाताओं की संख्या भी अधिक है।

## इससे पहले भी बदल चुके हैं पाला

बता दें कि संतोष कुशवाहा का राजनीतिक जीवन कई बार पाला बदलने वाला रहा है। पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने पहली बार 2005 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2010 में उन्होंने बायसी विधानसभा से भाजपा के टिकट पर फिर चुनाव लड़ा। इस बार जीत कर विधायक बने। 2013 भाजपा छोड़कर जदयू में शामिल हो गए। 2014 जदयू के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। 2019 जदयू के टिकट पर पुनः लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में जदयू के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे लेकिन निर्दलीय पप्पू यादव उन्हें हरा दिया। अब आज विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने चार दिन बाद ही जदयू छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए।

**आज केवल कुछ जिलों में बारिश की संभावना**

# बिहार में सर्दी की शुरूआत के साथ मानसून की विदाई तय

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब मौसम ने अपना नया रंग दिखाना शुरू कर दिया है। राज्य में बारिश का दौर पूरी तरह से थम चुका है और सुबह-शाम की हवाओं में हल्की ठंडक घुलने लगी है। ग्रामीण इलाकों में खेतों और नदियों के किनारे बसे गांवों में सुबह हल्का कोहरा छा रहा है, जो कि ठंड की आहट दे रहा। दिन के समय धूप निकल रही है लेकिन उसकी तपिश अब कम हो चली है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के मुताबिक 15 अक्टूबर तक राज्य में बारिश की संभावना न के बराबर है। सिर्फ सुपौल और किशनगंज में बहुत हल्की फुहारें पड़ सकती हैं बाकी सभी जिले शुष्क रहेंगे। मानसून अब विदाई की कगार पर



है और जल्द ही ठंड पूरी तरह से अपने पैर जमा लेगी। उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवाओं ने मानसून को पूरी तरह कमजोर कर दिया है। इसकी वजह से सुबह और रात में तापमान में गिरावट शुरू हो गई है और लोग हल्की सिहरन महसूस कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 10 से 15 अक्टूबर के बीच बिहार से मानसून की औपचारिक विदाई हो जाएगी। नेपाल में हुई बारिश का असर अभी भी कुछ हद तक बिहार में दिख रहा है फिर भी मौसम विभाग ने किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है, क्योंकि बारिश की संभावना न्यूनतम है। पटना में आज आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बारिश होने की उम्मीद नहीं है। शहर का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से लेकर 31 डिग्री तक रहेगा और औसतन 29 डिग्री के आसपास। हवा की गति 5 किलोमीटर प्रति घंटा होगी और सूर्योदय सुबह 5:50 पर होगा। मुजफ्फरपुर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री के करीब रहेगा, जबकि हवा में ठंडक साफ महसूस होगी। गया में भी मौसम थोड़ा ठंडा रहेगा, जहां अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री तक रहेगा। पूर्णिया और भागलपुर जैसे शहरों का भी लगभग यही हाल रहेगा।

# बिहार में रिश्वतखोरी के आरोप में राजस्व कर्मचारी सस्पेंड, घूसखोरी का ऑडियो वायरल होने पर एक्शन

**एजेंसी। पटना**

गया जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए फतेहपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी रवि कुमार को निलंबित कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया जब जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर को वॉट्सऐप पर वायरल हुए एक ऑडियो में रवि कुमार पर रिश्वत मांगने का आरोप मिला। ऑडियो में आरोप लगाया गया है कि रवि कुमार ने अपने दलाल अजय कुमार के माध्यम से पीड़ित पिंटू यादव से 15 हजार रुपये फोन-पे के जरिए रिश्वत ली। प्रारंभिक जांच में इस आरोप को सही



पाया गया है। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से रवि कुमार को निलंबित कर दिया है और निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय टिकारी अंचल में रखा गया है। साथ ही दलाल अजय कुमार की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित पिंटू यादव ने बताया कि तीन महीने तक उन्हें दौड़ाया गया और जमाबंदी करवाने के लिए राजस्व कर्मचारी ने 25 हजार रुपये की मांग की थी, जो उन्होंने फोन-पे से भेजे। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से प्रखंड के लोग रवि कुमार की शिकायत करते रहे हैं, लेकिन ठोस सबूत न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई। कहा जा रहा है कि वह काम के लिए दलाल से मिलने को कहता था, तभी काम आगे बढ़ता था। उधर, डीएम शशांक शुभंकर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और किसी भी स्तर पर धन उगाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुभाषितम्

जितनी बार गिरो उतनी बार उठो, कभी भी हार मत मानो।

- कहावत

## इजराइल और हमास के बीच शांति समझौता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा, इजराइल और हमास के बीच में शांति को लेकर सहमति बन गई है। इजराइल की सेना गाजा के निश्चित इलाके से सेना को वापस बुलाएगी। गाजा में बुनियादी सहायता बढ़ाई जाएगी। इजराइल फिलिस्तीन और हमास के कैदियों को रिहा करेगा। ट्रम्प ने भरोसा दिलाया है, कि वह समझौता लागू होने के तुरंत बाद मध्य पूर्व का दौरा करेंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने समझौते का समर्थन करते हुए कहा, ईश्वर की कृपा से हम सबको घर वापस मिलेगा। इस तरह से कई बार समझौते होने की बात कही गई। पहले के समझौते कुछ ही घंटे टिके, और फिर एक-दूसरे के ऊपर हमले शुरू कर दिए गए। लेकिन अब ऐसा लग रहा है, दोनों देश लड़ते-लड़ते थक चुके हैं। ऐसी स्थिति में अब समझौते को लेकर दोनों ही पक्ष गंभीर हैं। हमास ने अपने बयान में कहा है, यह समझौता गाजा का युद्ध समाप्त करने, इजरायली सेना की वापसी, मानवीय सहायता को बढ़ाने और कैदियों की अदला-बदली से जुड़ा हुआ है। हमास ने कतर, मिश्र और तुर्की की मध्यस्थता को स्वीकार किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार प्रयास कर रहे थे। लगता है उनके प्रयास सफल होने जा रहे हैं। इस समझौते को लेकर इजराइल और हमास दोनों की ओर से बेहतर संकेत मिल रहे हैं। वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए यह कहा जा रहा है, इजराइली मंत्रिमंडल से समझौते की मंजूरी मिलने के बाद शनिवार या रविवार से कैदियों की अदला बदली शुरू हो जाएगी। गाजा से इजराइली सेना पीछे हटना शुरू हो जाएगी। वहीं बुनियादी मदद भी गाजा को मिलने लगेगी। इस समझौते के लिए अमेरिका के साथ-साथ कतर, मिश्र और तुर्की ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान, अमेरिका के प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ, ट्रंप के दामाद जैरेड, मिश्र के खुफिया प्रमुख हस राशिद, तुर्की के खुफिया प्रमुख इब्राहिम तथा इजराइल के मुख्य वातार्कार रान डर्मर समझौते को लेकर निरंतर बातचीत कर रहे थे। जिसके कारण पहली बार समझौते को लेकर एक नई आशा की किरण बनी है। कतर ने कहा है, समझौते का पहला चरण जल्द ही वह घोषित करेंगे। दोनों पक्षों के बीच भविष्य में कोई विवाद की स्थिति ना बने, इसके लिए सावधानी और स्पष्टता के साथ समझौते के प्रारूप को तैयार किया जा रहा है। दोनों ही देश समझौते का पालन करें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। इस तरह के प्रयास 2 साल में पहली बार देखने को मिल रहे हैं। इससे अब लगता है, इजराइल और हमास अब शांति की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है, इजराइल और हमास अपने-अपने कैदियों को छोड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। इजराइली सेना ने पीछे हटना स्वीकार कर लिया है। दोनों देशों की शांति और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति सेना की तैनाती पर सहमति बन गई है। प्रथम चरण में, गाजा में बिजली, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, खाद्य सामग्री के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जाएगा। गाजा से इजराइली सेना के पीछे हटने के बाद तेजी के साथ नवनिर्माण भी शुरू हो जाएगा। हमास और इजराइल ने अगले 30 दिनों के अंदर प्रथम चरण के लक्ष्य को पूरा करने का भरोसा दिलाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जिस तरह से इजराइल अलग-थलग पड़ा था। दुनिया के अधिकांश देशों ने नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र संघ में बहिष्कार किया था। अमेरिका से जो सहायता इजराइल को मिलनी चाहिए थी, वह भी अब नहीं मिल पा रही थी। अमेरिका भी आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने ही देश में घिरते चले जा रहे हैं। खाडी के देश एकजुट होना शुरू हो गए थे। वर्तमान स्थिति को देखते हुए समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं था। आशा की जाती है, इजराइल और हमास के बीच जो समझौता होने जा रहा है।

## चिंतन-मनन

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गए। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। विश्वामित्र और भर्तृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुर्गुणियों में सद्गुण बढ़ते हैं और सद्गुणी में दुर्गुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठित और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंतःगतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं।

# रानी दुर्गावती: नारी शक्ति की मशाल, जो सदियों से जलती आ रही है

- सावित्री ठाकुर



भारत के मंत्रालयों, नीतियों और प्रमुख कार्यक्रमों की कल्पना से भी सदियों पहले, गोंड साम्राज्य की एक आदिवासी युवा रानी अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रही – जिसने आत्मसमर्पण के बजाय सम्मान, साहस और कर्तव्य का मार्ग चुना। भारत में वीरता और पराक्रम की प्रतीक के रूप में याद की जाने वाली रानी दुर्गावती आज भी सार्वजनिक जीवन, व्यवसाय, विज्ञान और नागरिक सेवाओं को नई दिशा देने वाली महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं। उनकी 501वीं जयंती के अवसर पर, हम उस गाथा और उन मूल्यों को याद करते हैं, जो 16वीं शताब्दी के युद्धक्षेत्रों से लेकर आधुनिक भारत की नीतियों तक एक सतत प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। रानी दुर्गावती का जीवन एक किंवदंती इसलिए बना, क्योंकि उन्होंने इतिहास में निष्क्रिय पात्र बनकर रहने से इनकार कर दिया। आक्रमणकारी मुगल शक्तियों का सामना करते हुए उन्होंने अपने राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व अपने कंधों पर लिया। एक ऐसी महिला, जिसने नेतृत्व किया, निर्णय लिए और अंततः बलिदान दिया – रानी दुर्गावती ने स्वयं को एक क्षेत्रीय शासक से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किया। आज, चाहे उन्हें लोककथाओं, स्मारकों या मध्य भारत की संस्कृति में याद किया जाए, वे इस सत्य की जीवंत मिसाल हैं कि नेतृत्व किसी एक लिंग की सीमाओं में नहीं बँधता।

प्रतीक से नीति तकः भारत इस कर्तव्य का निर्वहन करता है आधुनिक भारत में महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण की जो संरचना आज दिखाई देती है – जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संबद्ध विभागों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है – वह उसी कर्तव्य भावना और सार्वजनिक उत्तरदायित्व से प्रेरित है, जिसका उदाहरण रानी दुर्गावती ने अपने जीवन में प्रस्तुत किया था। जिस प्रकार रानी ने अपने समय में राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व निभाया, उसी प्रकार आज की सरकार विभिन्न मोर्चों पर महिलाओं के अधिकारों, अवसरों और समान भागीदारी की रक्षा और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा और सामाजिक समरूपताः लड़कियों की शिक्षा में सुधार और लैंगिक अंतर को कम करने के उद्देश्य से लागू किए गए कार्यक्रम आज समाज की नींव को मजबूत कर रहे हैं। आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिताः कौशल विकास पहलों से लेकर ऋण और बाजार तक पहुँच प्रदान करने वाली योजनाएँ महिलाओं को उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बना रही हैं। ये प्रयास आधुनिक शासन और निर्णय-निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। सुरक्षा और कानूनी संरक्षणः वन स्टॉप सेंटर और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएँ महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इन पहलों ने यह सिद्ध किया है कि भय या असुरक्षा किसी महिला की प्रगति और आवाज को सीमित नहीं कर सकती। स्वास्थ्य और मातृ देखभालः मातृ स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाएँ केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे महिलाओं के समग्र कल्याण का प्रतीक हैं। ये प्रयास महिलाओं को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए सशक्त करते हैं। जमीनी स्तर पर शासन और प्रतिनिधित्वः पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहलें लोकतांत्रिक शासन को और समावेशी बना रही हैं। यह उसी राजनीतिक दूरदर्शिता की झलक है, जो रानी दुर्गावती ने अपने राज्य के संचालन में प्रदर्शित की थी। पिछले कुछ दशक उल्लेखनीय प्रगति के साक्षी रहे हैं - महिला साक्षरता और कार्यबल में भागीदारी में वृद्धि, निर्वाचित पदों पर महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति, उद्यमिता में तेजी से उभार, और सुरक्षा एवं समान अवसरों के प्रति समाज की बढ़ती संवेदनशीलता ने भारत को एक नई दिशा दी है। ये बदलाव केवल आँकड़े भर नहीं हैं; ये उसी सिद्धांत की आधुनिक अभिव्यक्तियाँ हैं जो रानी दुर्गावती के जीवन ने सिखाया था कि जब महिलाएँ हर परिस्थिति के लिए सुसज्जित और सशक्त होती हैं, तो वे समाज को नया आकार देती हैं। रानी दुर्गावती के उदाहरण को विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण बनाता है उनका दोहरा स्वरूप - नैतिक और व्यावहारिक। नैतिक स्तर पर वे गरिमा, साहस और ज़िम्मेदारी की प्रतीक हैं, जबकि व्यावहारिक स्तर पर उनका जीवन महिलाओं को निर्णयकर्ता और लोककल्याण की रक्षक के रूप में स्थापित करता है। यह दोहरी विरासत पीढ़ियों से भारत की नागरिक चेतना का हिस्सा रही है और इसी ने महिला सशक्तिकरण की नीतियों और पहलों को समाज में गहरी जड़ें जमाने में सहायता की है। जैसे-जैसे देश विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर है, उसे विकास को महिलाओं की भागीदारी के पैमाने और समानता के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। महिला-केंद्रित विकसित भारत में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को विकास के लिए एक अतिरिक्त साधन नहीं, बल्कि विकास का मुख्य सूचक माना जाएगा। व्यावहारिक रूप से इसका अर्थ है कि देश की प्रगति को केवल प्रमुख कल्याण संकेतकों से नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों - बोर्ड, लोक सेवा और सामुदायिक संस्थानों में महिलाओं के नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी से भी मापा जाएगा।

इस प्रकार, उन नीतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो अवैतनिक देखभाल - जैसे बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल और सामुदायिक सहायता - के बोझ को कम करें, ताकि महिलाओं के पास सार्वजनिक और आर्थिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए पर्याप्त समय और अवसर उपलब्ध हो।

इस प्रकार, अतीत के साहस को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ते हुए, रानी दुर्गावती की कहानी केवल एक धरोहर नहीं है, बल्कि इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भारत क्या बन सकता है। उनका साहस यह संदेश देता है कि महिलाओं को सार्वजनिक जीवन और भविष्य को आकार देने का समान अधिकार है। आज, भारत के मंत्रालयों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का दायित्व है कि वे उस अधिकार को- स्कूलों और अस्पतालों के माध्यम से, कानूनों और आजीविकाओं के माध्यम से, सुरक्षित सड़कों और समान बोर्डों के माध्यम से - रोजमर्रा की वास्तविकता में बदलें। यदि विकसित भारत की नब्ज उसकी महिलाओं की शक्ति से मापी जाती है, तो रानी दुर्गावती को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि वह शक्ति हर महिला तक पहुँचाई जाए।

अंततः, रानी की सबसे महान विरासत कोई पत्थर का स्मारक नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्र है जहाँ लाखों महिलाएं जीवन के हर मंच से - चाहे वह घर हो, बाजार हो, विज्ञान हो या शासन - नेतृत्व करें। वे 21वीं सदी में साहस और नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ाएं।

# कोई भी व्रत श्रद्धा से बढ़ कर नहीं है

- संजय गोस्वामी



श्रद्धा एक ऐसी चीज है जो किसी भी रिश्ते को मजबूत करती है व्रत का फल तभी मिलता है जब हम उस मकसद मैं कामयाब हो किसी के सुःख में तो सभी साथ देते हैं लेकिन किसी के दुःख मैं क्या आप सही मैं साथ देते है ब्रत नर और नारी के लिए एक समान है किसी मैं भेद भाव नहीं रखना चाहिए और पत्नी से ज्यादा माँ को स्थान दें माँ भी एक स्त्री है लेकिन आपके दुःख में हमेशा अपने बच्चे को साथ मैं उसकी भावना जुड़ी होती है रिश्ता सिर्फ शारीरिक ना होकर दुःख सुःख में साथ देने वाला होना चाहिए आज एक अलग ही परम्परा बन गई है जिसे ध्यान देने की जरुरत है सास के प्रति नफरत की भावना भी गलत है और हमेशा अपने पति के दुःख मैं साथ दें दुनिया एज रंग मंच है और जैसा आप करेंगे बच्चे भी वैसा ही सीखेंगे और सही मायने मैं ईश्वर हर दिन एक ताजे गुलाब की तरह है जिसमें हनेशा खुसबू होती है हमें ब्रत से ज्यादा अपने रिश्ते को ध्यान देना चाहिए क्योंकि यदि रिश्ते मैं दरार आ गई तो कोई भी ब्रत करें उसका कुछ भी फल प्राप्त नहीं होगा जब तक आपके अंदर सच्चे प्रेम की भावना नहीं पैदा होगी और ऐ विश्वास से होगा समझना होगा रिश्ते का महत्व, और सुःख में तो सभी साथ देते हैं दुःख मैं साथ देना सबसे महत्वपूर्ण है दुःख कभी बता कर नहीं आती लेकिन आती है तो अगर आप साथ नहीं खड़ा हुए तो उससे आपका विश्वास नहीं रहेगा और रिश्ते मैं एक दिवार आ जाएगी गीता के अनुसार, रिश्तों में एक दूसरे का सम्मान, प्रेम और कर्तव्य की भावना आवश्यक है। रिश्तों की मजबूती के लिए आत्मसम्मान बनाए रखना महत्वपूर्ण है और अगर आत्मसम्मान ठेस पहुँचे तो ऐसे रिश्ते से अलग हो जाना चाहिए। गीता निष्काम कर्म (बिना फल की चाहत के कर्म) और सभी के प्रति समान भाव रखने पर जोर देती है, जिससे रिश्तों में मिठास और स्थिरता आती है। गीता के अनुसार रिश्ते निभाने के महत्वपूर्ण सिद्धांत सम्मान और प्रेम किसी भी रिश्ते में आपसी सम्मान और प्रेम का होना जरूरी है। न केवल बड़ों का बल्कि छोटों का भी सम्मान करना चाहिए, इससे रिश्ते मजबूत बनते हैं। आत्मसम्मान गीता बताती है कि किसी भी रिश्ते में तब तक रहना चाहिए जब तक आपका आत्मसम्मान बना रहे। यदि आपका आत्मसम्मान किसी रिश्ते में कम हो रहा है, तो उस रिश्ते से अलग होना बुद्धिमानी का कार्य है। निष्काम कर्म गीता निष्काम कर्म की शिक्षा देती है, जिसका अर्थ है बिना किसी स्वार्थ या फल की इच्छा के कर्म करना। रिश्तों में यह नियम लागू करने से व्यक्ति को अपनी अपेक्षाओं से मुक्ति मिलती है और रिश्ता खुशहाल बनता है। हर रिश्ते की अपनी एक मयार्दा (सीमा) होती है, जिसका पालन करना जरूरी है। सामने वाले व्यक्ति की निजता और उसकी सीमाओं का सम्मान करना रिश्ते को मजबूत बनाता है। रिश्तों को धर्म और कर्तव्य के साथ निभाना चाहिए, यह कड़वाहट को कम करता है। व्यक्ति को अपनी कमजोरियों और शक्तियों को जानना चाहिए, इससे वह दूसरों से अच्छे संबंध बनाने में सक्षम होता है। गीता के अनुसार, ज्ञानी व्यक्ति सभी को समान देखता है। रिश्तों में भेदभाव न करें और सभी के साथ एक समान भाव रखें, यह मजबूत रिश्ते की नींव है। अतः आपकी सही परीक्षा तब होती है जब आप किसी परेशानी सेजूझ रहे होते हैं और कोई आपका हाथ पकड़ लेता है तो विश्वास बढ़ जाता है और माँ हमेशा आपके साथ रहती है माता का प्रेम अमूल्य है और अंत अंत तक आपको आशीर्वाद ही देती है किसी की गुलामी करना भी सही नहीं ऐ तभी मालूम होगा जब आप दुःख की घड़ी मैं होंगे और फिर आप जाँच कर देख लेना कौन सही है बूढ़े माता पिता से पता नहीं आज अपने ही बच्चे भाग क्यों जाते है लेकिन आपको भी बूढ़ा होना तय है अतः माता पिता का हमेशा से सम्मान करना चाहिए और ऐ चीज भगवान राम से सिखने की जरुरत है भगवान राम भले ही 14 साल तक वन मैं रहे लेकिन उनका द्दढ़ संकल्प था न्याय के रास्ते पर चलना काँटों पर चलकर ही उनका चरण एक ऐसी जादुई शक्ति बन गई की अहिल्या जो पथ्थर बनी वो उनके चरण सपर्ष मात्र से जीवित हो गई और यही प्रेम केवट और भगवान राम के प्रेम मैं झलकता है रामचरित मानस में भगवान श्रीराम के वनवास के समय का एक बेहद मार्मिक प्रसंग है। तुलसीदास जी द्वारा लिखित मानस का ये प्रसंग केवट की भक्ति और श्रीराम की करुणा को बताता है। केवट अपने तर्कों से प्रभु को भी निरुत्तर कर देते हैं तथा भक्त वत्सल श्रीराम उन पर अनन्य कृपा बरसाते हैं। छूअत सिला भई नारि सुहाई । पाहन ते न काठ कठिनाई ।तरनिउ मुनि घरिनी होई जाई । बाट परई मोरि नाव उडाई ।। अर्थात जिसके छूते ही पत्थर की शिला सुन्दरी स्त्री हो गयी (मेरी नाव तो काठ की है ) । काठ पत्थर से कठोर तो होता नहीं । मेरी नाव भी मुनि की स्त्री हो जायेगी और इस प्रकार मेरी नाव उड़ जाएगी, मैं लुट जाऊँगा अतः वो भगवान राम के पैर अपने आंसू से ही धो देता है और चरनामृत समझ कर पी जाता है ऐ है भक्ती जो संस्कार है और यही आपको भवसागर पार करा देगी इसलिए किसी से प्रेम करें या ना करें लेकिन भगवान राम से जरूर प्रेम करें तब दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा ऐ शरीर का नाश होना तय है अतः हमें अपने संस्कार को बनाए रखना चाहिए ईश्वर के प्रेम से बढ़ कर कुछ नहीं है और सच्चाई का पता तभी लगेगा जब आप भगवान राम से सच्चा प्रेम करेगा और उसे प्रेम करने वाला कभी माता पिता से बैर नहीं करेगा जहाँ तक आयु बढ़ने और ब्रत का सवाल है वो तभी होगा जब आप भावना को समझ जाएं और आप अपने को पहचाने तभी आपका सही कर्तव्य मालूम होगा।अंततोगत्वा भगवान श्रीराम बोले - ह्यसोई करू जेहिं तव नाव न जाईह्न अर्थात भाई ! तू वही करो जिससे तेरी नाव न जाए। जिनका नाम एक बार स्मरण करने से मनुष्य अपार भवसागर से पार उतर जाते हैं आज वही प्रभु केवट का निहोरा कर रहे हैं। केवट श्रीरामचन्द्र जी की आज्ञा पाकर कठौते में जल भरकर ले आया। अत्यन्त आनंद और प्रेम में उमंगकर वह चरन सरोज पखारने लगा।

# करवा चौथ पर दमके आपका चेहरा, जैसे आसमान में चांद

- श्वेता गोयल

भारत में सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार है ह्यकरवा चौथह्न, जो दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व माना जाता है। इस विशेष त्यौहार का सुहागिन महिलाएं सालभर इंतजार करती हैं। हालांकि यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, फिर भी देशभर में हर जाति, हर सम्प्रदाय की महिलाएं अपने पति की दीघार्यु तथा अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए खुशी-खुशी यह व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। हालांकि समय के साथ इस व्रत को मनाए जाने की परम्पराओं में थोड़ा बदलाव आया है और अब बहुत सी अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करने लगी हैं। करवा चौथ के शुभ दिन महिलाओं के चेहरे पर एक अलग ही तेज नजर आता है। इस पर्व का नाम सुनते ही मन में सोलह श्रृंगार किए खूबसूरत नारी की छवि उभर आती है। दरअसल मेंहदी लगे हाथों में रंग-बिरंगी खनकती चूड़ियां, माथे पर आकर्षक बिंदिया, मांग में सिंदूर, सुंदर परिधान और तरह-तरह के आकर्षक गहने पहने अर्थात सोलह श्रृंगार किए सुहागिन महिलाएं इस दिन नववधू से कम नहीं लगती। दुल्हन के लाल जोड़े की भांति इस दिन भी लाल रंग के परिधान पहनने का चलन बहुत ज्यादा है। वास्तव में करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के सजने-संवरने का एक विशेष अवसर है। तो फिर क्यों न आप भी इस विशेष अवसर पर नख से शिख तक ऐसी संवर जाएं कि आपको देखते ही आपके पति की नजरें भी आप पर से हटें ही नहीं। तो जरा आजमाकर देखें खास इसी दिन के लिए इन उपायों कोः- - मेकअप शुरू करने से पहले ध्यान रखें कि आपका मेकअप आपकी त्वचा की रंगत (टोन) के हिसाब से ही हो। तभी मेकअप से आपके नयन-नक्श को अच्छा उभार मिलेगा। - मेकअप की शुरूआत से पहले 3-4 मिनट तक अपनी त्वचा की मसाज हनी क्लींजर से करें और फिर मोइस्ट कॉटन से अच्छी तरह साफ कर लें। - अगर आपकी त्वचा की रंगत सांवली है तो आप पर यैलो या आयवरी टोन वाला मेकअप ही फबेगा क्योंकि इन शेड्स से सांवली रंगत को प्राकृतिक रूप से उभार मिलता है। - त्वचा का रंग गोरा है तो आप पर वेज और पिंक बेस्ड मेकअप अच्छा लगेगा लेकिन ध्यान रखें कि मेकअप लाइट पिंक बेस्ड ही हो। - अगर त्वचा का रंग गेहुंआ है तो त्वचा को डार्क मेकअप अच्छा लुक देगा। - फाउंडेशन का चुनाव भी त्वचा की रंगत के हिसाब से ही करें। मैट फाउंडेशन से नेचुरल लुक आता है। - अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप अधिक समय तक टिका रहे तो इसके लिए ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही इस्तेमाल करें। - फाउंडेशन लगाने के बाद ठीक तरह से ब्लेंडिंग भी जरूरी है। ब्लशर में लेटेस्ट ट्रेंड में चाहें तो ग्लिटर, गोल्ड और स्लिट डस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं। - ब्लशर की सहायता से आप अपने फेस को सही आकार दे सकती हैं। अगर आप गोरी हैं तो सॉफ्ट पिंक या वैज कलर का ब्लशर ही इस्तेमाल करें। यदि रंग गेहुंआ है तो वार्म पिंक और ब्राउन ब्लशर उपयुक्त रहेगा। सांवली रंगत वालों पर ब्रॉन्ज, कोका, सिनेमन, नटमग इत्यादि गहरे रंग का ब्लशर खूब फबेगा। - आंखों और होठों के लिए अच्छी कोल्ड क्रीम या ऑयल बेस्ड क्लींजर का ही उपयोग करें तो बेहतर है।

## आज का राशिफल

**मेष** – नई योजनाओं पर अधिक ध्यान दे सकते हैं और किसी विशेष व्यवस्था पर भी समय व्यतीत हो सकता है।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र और पारिवारिक मामले में दिन आनंददायक व्यतीत होगा।

**वृषभ** – आज दिन कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज व्यापार के मामले में आपके प्रोजेक्ट सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कामकाज के सिलसिले में अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**धनु** – दिन आर्थिक मामलों में उत्तम रहने वाला है। मुनाफा कमाने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज आपका दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में कामकाज के सिलसिले में या प्रोजेक्ट के चलते ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं।

**सिंह** – भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिससे बिगड़े काम भी बनने शुरु हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यापार और व्यवसाय के क्षेत्र में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**कन्या** – कार्यक्षेत्र में सहकर्मी सहायता मांगने आ सकते हैं। ऐसे में आपको सभी का सम्मान करना होगा।

**मीन** – दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहने वाला है। सोच-समझकर निर्णय लेने से लाभ हो सकता है।

## विशेष


## बिना युद्ध लड़े भी युद्ध में शामिल भारत?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई सानी नहीं है। इसराइल और गाजा के बीच में चल रहे युद्ध में भारत प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है। इसके बाद भी भारत को युद्ध में शामिल किया जा रहा है। 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया इसमें 1200 से अधिक इजराइली मारे गए। पिछले 24 महीनो से चल रहे इस युद्ध में गाजा के 60000 से ज्यादा निरपराध लोग मारे जा चुके हैं। बच्चे और महिलाएं भी भूख प्यास से मर रही हैं। रेड क्रॉस और यूनिसेफ जैसी संस्था भी गाजा के नागरिकों को मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में 100 से अधिक देशों ने इजराइल का बहिष्कार कर दिया।

## शासकों के अहंकार की कीमत लाखों नागरिकों की मौत?

इस समय दुनिया के सभी देशों में कहीं ना कहीं युद्ध और गृह युद्ध जैसी स्थिति मची हुई है। शासको के अहंकार की कीमत आम जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ती है। शासको को कोई फर्क नहीं पड़ता है। डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा शांति योजना लाकर नोबेल पुरस्कार पाना चाहते है। अमेरिका ने कई युद्ध पहले भी लड़े हैं।अमेरिका ने इराक को राख बनाकर छोडा। सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। हाथ कुछ नहीं लगा। वियतनाम से अमेरिका को भागना पड़ा। कीमत अमेरिका की जनता ने चुकाई। अफगानिस्तान को तालिबानियों के हवाले कर अमेरिकी सैनिकों को भागना पड़ा। रूस और यूक्रेन के युद्ध में हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1733: फ्रांस ने रोम के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। 1756: क्लाइव राईस कोलकाता पर पुनः कब्जे के लिए नौ सौ यूरोपीय व पंद्रह सौ भारतीय सैनिकों के साथ रवाना हुए। 1842: दूसरे अफगान युद्ध की समाप्ति पर ब्रिटेन ने जीत का दावा किया। 1859: अर्जेन्टीना में गृहयुद्ध भड़का। 1911: चीन में डॉ. सनयात सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने मंचू वंश का शासन उखाड़ फेंका। 1938: नाजी जर्मनी ने सुदेतनलैंड चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा किया। 1963: इटली में एक बांध टूटने से 18 लोग मारे गए। 1967: क्यूबा के क्रांतिकारी चेग्वेवारा बोलीविया में मारे गए। 1970: दो नकाबपोश व्यक्तियों ने क्यूबेक कनाडा के श्रममंत्री पियरेलापोर्ट का अपहरण कर लिया। 1971: फ्लोरिडा में तूफान से दो सौ से अधिक लोग मारे गए।

## दैनिक पंचांग

**10 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.30 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.45 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.01 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.06 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.53 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.56 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.34 बजे से |
| | | कर्क | 23.48 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | सिंह | 02.04 बजे से |
| | | कन्या | 04.16 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 283 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 19.39 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 17.32 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 17.42 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.15 बजे तदनन्तर बालव 19.39 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 39' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872493 **जूलियन दिन** 2460958.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 17 **विशेष** करवा चौथ, संकष्टी चतुर्थी, मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार



### मिहिजाम में नाली विवाद में पति-पत्नी पर हमला:रॉड से मारपीट, सीसीटीवी में कैद हुई घटना; पुलिस जांच में जुटी

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा के मिहिजाम थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में नाली और गंदे पानी के बहाव को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक दंपती पर लोहे की रॉड और लाठी से हमला किया गया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित बीरेंद्र पासवान और उनकी पत्नी गीता देवी ने अपने घर के सामने जमा हो रहे गंदे पानी और कचरे के बहाव का विरोध किया था। इसके बाद पड़ोसी रेणु देवी, आरती देवी, सूरज सोनी और कुछ अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में बीरेंद्र पासवान का बायां हाथ टूट गया, जबकि गीता देवी के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। दोनों को पहले हांसीपहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए चिरेका के कस्तूरबा गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष की रेणु देवी को भी जामताड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीरेंद्र पासवान के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। हमलावरों ने घटना के सबूत मिटाने के लिए बाहरी कैमरा तोड़ने का भी प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही मिहिजाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, नाली जाम और पानी निकासी की समस्या को लेकर वार्ड में लंबे समय से नगर परिषद और प्रशासन को शिकायतें दी जा रही थीं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

इधर, मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे ने बताया कि पहले भी दोनों पक्षों को विवाद न करने की सलाह दी गई थी, लेकिन कोई भी पक्ष मानने को तैयार नहीं था। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### राहुल के खिलाफ निचली अदालत की कार्रवाई निरस्त

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में मानहानि का सामना कर रहे राहुल गांधी को राहत दी है। अदालत ने चाईबासा की निचली अदालत में चल रही सभी कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। अदालत ने इस मामले को फिर से विचार करने के लिए चाईबासा कोर्ट को वापस भेज दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि शिकायतवाद पर पुनः सुनवाई करके नया आदेश पारित करें। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि विशेष मजिस्ट्रेट के संज्ञान लेने और समन जारी करने का आदेश सत्र न्यायालय के आदेश से प्रभावित होकर पारित किया गया था, जो विधिसम्मत नहीं है।

**चाईबासा कोर्ट ने शिकायतवाद पर संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी को समन किया था:** सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कौशिक सारलेख और दीपांकर ने राहुल गांधी की ओर से पक्ष रखा। शिकायतकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत चाईबासा के मजिस्ट्रेट की अदालत में दर्ज कराई थी। चाईबासा कोर्ट ने शिकायतवाद पर संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी को समन किया था।

### कोडरमा में कार से शराब की बड़ी खेप जब्त:बिहार ले जाई जा रही थी, ड्राइवर गिरफ्तार

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित कोडरमा घाटी के मेघातरी चेक पोस्ट के पास गुरुवार को एक स्कोडा कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ जारी है। मामले की जानकारी देते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि कोडरमा पुलिस सीमावर्ती इलाकों में लगातार वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोडरमा के रास्ते एक कार से शराब की बड़ी खेप बिहार पहुंचाई जा रही है। इस सूचना के आधार पर, कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया। मेघातरी चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान, कोडरमा से बिहार की ओर जा रही एक स्कोडा कार को पुलिसकर्मियों ने रोका।

# खिड़की जाइये भूल, अब इस तरीके से जेल में कैदियों से बात करेंगे स्वजन, राज्य की सभी जेलों में हाईटेक व्यवस्था लागू

**रांची, एजेंसी।** राज्य की जेलों में कैदियों की अपनों से मुलाकात की व्यवस्था अब बड़े स्क्रीन पर आ गई है। इसका नाम इन पेयर विजिटर इंटरकॉम वाइस लॉगर सिस्टम है। पहले खिड़की पर होने वाले मुलाकात में बातचीत में संकोच, कोलाहल व आवाज की अस्पष्टता से भी मुक्ति मिल गई है।



कैदियों को अपने स्वजनों से मुलाकात व बातचीत में आ रहे व्यवधान को दूर करने की यह कोशिश कारगर साबित होने लगी है। नए जेल मैनुअल में भी इसपर जोर था, उस अनुरूप सभी जेलों में यह व्यवस्था लागू करने की बाध्यता थी। इसे अब दूर कर लिया गया है।

राज्य में छोटे-बड़े सभी जेलों की संख्या 31 है। इन सभी जेलों में मुलाकाती कक्ष को हाईटेक किया जा रहा है। 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे हो गए हैं। इसमें कैदी व उनके परिजन के बीच खिड़की के बदले में एक दीवार है। दोनों तरफ आठ-आठ, दस-दस केबिन बने हैं और उसमें इलेक्ट्रानिक स्क्रीन और इंटरकॉम लगे हैं। दीवार की एक तरफ कैदी व दूसरी ओर उसके स्वजन बैठकर दस मिनट तक एक-दूसरे को देखकर बात कर सकते हैं।

इसका मतलब यह है कि कैदी अपने स्वजन को साफ-साफ देख सकेगा और स्वजन उस कैदी को देखेंगे। केबिन में इंटरकॉम पर दोनों के बीच बातचीत होगी, जिससे आवाज में स्पष्टता होगी। दोनों तरफ से एक-दूसरे की आवाज को बेहतर तरीके से सुन सकेंगे। इससे बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ जेल प्रशासन को भी व्यवस्था बनाने में सहुलियत होगी। मुलाकाती कक्ष में इंटरकॉम के अलग-अलग यूनिट बने हैं, जिससे भीड़भाड़ की समस्या भी नहीं होगी। उक्त कक्ष की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। कैदी व स्वजन के बीच बातचीत की भी निगरानी जेल प्रशासन करेगा, ताकि विवाद की स्थिति में वह सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया जा सके।

जेलों में कैदियों व उनके स्वजनों के बीच मुलाकात एक खिड़की से कराई जाती थी। इसमें एक खिड़की पर एक तरफ से चार-पांच कैदी व उसी अनुरूप दूसरी ओर से उनके स्वजन होते थे। ऊंची आवाज में बातचीत करनी पड़ती थी। कौन कैदी क्या बात करता था, स्वजन उसे क्या बोलता था, यह दोनों तरफ समझने में दिक्कतें होती थीं।

अगर स्वजन महिला हो तो उसे बात करने में भी संकोच होता था। कोलाहल व विधि व्यवस्था का संकट रहता था। कैदी व स्वजन एक दूसरे को ठीक तरीके से अपनी बात भी नहीं पहुंचा पाते थे। नई व्यवस्था से उस समस्या का समाधान हो गया है।

लागू नए जेल मैनुअल के अनुसार अब विचाराधीन कैदियों से उनके स्वजन सप्ताह में दो दिन मुलाकात कर सकेंगे। यानी महीने में आठ बार मुलाकात कर सकते हैं। पहले 15 दिन में केवल एक बार ही मिलने की व्यवस्था थी।

नए जेल मैनुअल में सजा से ज्यादा सुधार पर जोर है। विचाराधीन बंदियों में कुंठा का भाव न आए, उसे अपनी गलती पर पछतावा हो, वह जेल से अच्छा नागरिक बनकर निकले, इसी उद्देश्य से कैदियों की सुविधाएं बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।



### हथियार के साथ आदिवासियों ने किया डीसी कार्यालय का किया घेराव, कुड़मी को एसटी से अलग रखने की मांग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** परंपरागत ग्राम सभा की सर्वोच्चता और आदिवासी अस्मिता के मुद्दे पर आदिवासी बचाओ संघर्ष मोर्चा और गरुड़बासा ग्रामसभा हो समाज के बैनर तले गुरुवार को विशाल जनाक्रोश महारैली निकाली गई।

इस रैली में हजारों की संख्या में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आदिवासी समाज के लोग उपायुक्त कार्यालय के सामने एकजुट हुए। तकरीबन दस हजार से अधिक आदिवासी समाज अपने पारंपरिक परिधान व हथियारों के साथ प्रदर्शन किया। जय जोहार का नारा है, भारत देश हमारा है... और आदिवासी एकता जिंदाबाद... के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। रैली का शुभारंभ डिमना, बारीडीह, करनडीह और आसपास के गांवों से हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से लोग जुलूस की शक्ल में साकची आमबगान मैदान पहुंचे। जहां से रैली साकची की ओर बढ़ी। साकची आई अस्पताल में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद हजारों की भीड़ नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय की ओर कूच कर गई।

प्रदर्शनकारियों ने लोकसभा न विधानसभा, सबसे ऊंची ग्रामसभा... जैसे नारे लगाते हुए पारंपरिक ग्रामसभा की मान्यता और अधिकारों की मांग की। साथ ही, गैर-आदिवासी कुड़मी महतो समुदायों द्वारा एसटी (अनुसूचित जनजाति) का दर्जा मांगे जाने का विरोध किया। रैली में शामिल लोगों ने गैर आदिवासी कुड़मी महतो एसटी की मांग बंद करो... का नारा बुलंद किया।

### स्पेशल ट्रेनों का बुरा हाल, कोयंबटूर-धनबाद 17 घंटे 26 मिनट लेट

**धनबाद, एजेंसी।** स्पेशल ट्रेनों को समय पर चलाने के दावे फेल हो रहे हैं। धनबाद से चलने और गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों का बुरा हाल है। सुबह की ट्रेन दोपहर और शाम तो दोपहर और शाम की ट्रेनें देर रात पहुंच रही हैं। कोयंबटूर से धनबाद के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन मंगलवार को सुबह के बदले आठ घंटे 25 मिनट विलंब से शाम में रवाना हुई थी। रास्ते में 17 घंटे 26 मिनट लेट हो गई। इस वजह से गुरुवार दोपहर के बदले देर रात या शुक्रवार तड़के पहुंचने की संभावना है। तड़के चलने वाली रक्सौल– चर्लपल्ली स्पेशल लगभग छह घंटे देर से चली। रास्ते में नौ घंटे 10 मिनट विलंबित होने से शाम सवा चार बजे के बदले देर रात आने की संभावना जताई गई। रक्सौल–तिरुपति स्पेशल शाम के बदले गुरुवार को देर रात तिरुपति पहुंची। चर्लपल्ली–पटना स्पेशल 3 घंटे 16 मिनट, गाणीधाम–सियालदह स्पेशल एक घंटे 52 मिनट, बरौनी–पोत्तनूर स्पेशल 2 घंटे 57 मिनट, धनबाद–नई दिल्ली स्पेशल 2 घंटे 41 मिनट, हावड़ा–नई दिल्ली स्पेशल 5 घंटे 25 मिनट, आसनसोल–मुंबई स्पेशल एक घंटे 26 मिनट लेट से चलीं। चंडीगढ़ से धनबाद के लिए गुरुवार को रवाना हुई ट्रेन 4 घंटे 58 मिनट लेट चलने से शुक्रवार को देर से आने की संभावना है। लोकमान्य तिलक–धनबाद साप्ताहिक स्पेशल 45 मिनट विलंब से हुई। देर से चलने से इस ट्रेन के भी लेट से आने की संभावना है। भुवनेश्वर से धनबाद के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के हर दिन लेट चलने का रिकार्ड कायम है। छह अक्टूबर को 2 घंटे 56 मिनट, सात को 3 घंटे 19 मिनट, आठ को 3 घंटे एक मिनट तो गुरुवार को 2 घंटे 55 मिनट लेट से धनबाद आई। इससे पहले भी प्रतिदिन घंटों विलंब से ही चली है।

### दिवाली-छठ में बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़

**रांची, एजेंसी।** दिवाली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए रांची रेल मंडल की ओर से अब तक 14 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह पहली बार है, जब किसी वर्ष त्योहारों के दौरान इतनी अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। हालांकि इसके बावजूद बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीटों की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। रांची से पटना,गया, आरा, समस्तीपुर समेत अन्य मार्गों की ट्रेनों में वेटिंग तेजी से बढ़ रही है। कुछ ट्रेनों में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं, जबकि अन्य में बेहद सीमित सीटें शेष हैं। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु जैसे महानगरों से झारखंड और बिहार लौटने वालों की संख्या भी काफी अधिक है। इन ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग चल रही है। रेलवे की कोशिशों के बावजूद यात्रियों की भारी भीड़ के चलते स्पेशल ट्रेनें भी नाकाफी साबित हो रही हैं। यात्रियों द्वारा अतिरिक्त कोच जोड़ने या और ट्रेनें चलाने की मांग की जा रही है। छठ के दौरान पटना जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग बढ़ती ही जा रही है।



**बसों की 50 प्रतिशत तक सीटें हो गईं रिजर्व :** रांची से बिहार के विभिन्न स्थानों केलिए 35 बसें जाती हैं। इन बसों में छठ के दो दिन पहले तक औसतन 50 प्रतिशत सीटें बुक हो गई हैं। यह कहते हुए बस चालक संघ के महासचिव राणा बजरंगी ने कहा कि ऑनलाइन में कई लोग ज्यादा पैसे ले रहे हैं। भाड़ा में एक रुपए की बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि छठ के दौरान बसों की किल्लत हो सकती है। 10 नई बसें भी चलने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार द्वारा सरकारी बस स्टैंड से 4 बसें चलाई जा सकती हैं।

**महानगरों से और स्पेशल ट्रेनें चलाई जानी चाहिए :** यात्रियों का कहना है कि देशभर में त्योहारों को देखते हुए 12000 स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है, लेकिन झारखंड की राजधानी रांची के लिए दिल्ली छोड़ अन्य महानगरों से एक भी स्पेशल ट्रेन नहीं है। वहीं, जेडआरयूसीसीसदस्य अरुण जोशी ने रेलवे को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि मुंबई, पुणे, बेंगलुरू समेत अन्य महानगरों से रांची के लिए ट्रेन चलाई जाएं।

# हजारीबाग के रसूलीगंज चौक पर अज्ञात युवक की मौत



**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित रसूलीगंज चौक के पास बुधवार शाम एक सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक मोटरसाइकिल से हजारीबाग से बड़कागांव की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप ने उसे टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया और उसकी तुरंत मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल कटकमदाग थाना पुलिस को सूचना दी।

पुलिस दल मौके पर पहुंचा, शव को कब्जे में लिया और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मोटरसाइकिल का नंबर कोडरमा जिले का है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक कोडरमा का निवासी हो सकता है।

पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि इस चौक पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।

### जेपीएससी सचिव खाद्य पदार्थ के मिलावट केस में हाईकोर्ट में तलब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की मांग को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने फूड सेफ्टी ऑफिसर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई।




अदालत ने इस मामले में जेपीएससी से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से अदालत को बताया गया कि फूड सेफ्टी ऑफिसर, फूड एनालिस्ट, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए वर्ष 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। परीक्षा आयोजित कर ली गई है। लेकिन शैक्षणिक अर्हता एवं समकक्ष शैक्षणिक अर्हता के मुद्दे पर एक समिति गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने दिनों तक इन पदों को रिक्त रखने का औचित्य क्या है अब तक रिजल्ट प्रकाशित की जानी चाहिए थी। अदालत ने इस मामले में जेपीएससी सचिव को अगली सुनवाई मे उपस्थित होने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले के एमिकस क्यूरी अधिवक्ता पीयूष पोद्दार ने पैरवी की। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

### सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाफ खिलाड़ियों का प्रदर्शन

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम में खेल क्लब और खिलाड़ियों ने सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने एसोसिएशन पर भ्रष्टाचार, अनियमितता और तानाशाही का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री सह महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों का पुतला दहन किया। यह विरोध रैली टाटा कॉलेज मैदान से सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैदान तक निकाली गई। एसोसिएशन के गेट के सामने मिथिलेश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल लकड़ा, कूलचंद कुजूर और अर्जुन बानरा के पुतले जलाए गए। इस दौरान खिलाड़ियों ने एसोसिएशन और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। खिलाड़ियों का आरोप है कि पिछले 17 सालों से कुछ लोग मनमाने तरीके से एसोसिएशन पर कब्जा जमाए हुए हैं। एसोसिएशन में न तो वार्षिक आमसभा होती है और न ही चुनाव कराए जा रहे हैं। खिलाड़ियों ने एसोसिएशन के पैसों के बंदरबांट का भी आरोप लगाया। पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी नेल्सन पूर्ति ने बताया कि कमेटी को वर्ष 2012 में भंग कर दिया गया था, इसके बावजूद अवैध तरीके से कमेटी बनाकर दुकानों से पैसे की उगाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त से मिलकर इसकी जांच की मांग की गई थी, जिसके बाद उपायुक्त ने उनसे पैसों का हिसाब प्रस्तुत करने को कहा था, लेकिन वे लोग हिसाब प्रस्तुत नहीं कर पाए। वहीं, भुवनेश्वर बिरुआ ने कहा कि पिछले 17 सालों से एसोसिएशन पर गलत तरीके से अवैध कब्जा जमाया गया है। उन्होंने बताया कि पहले मैदान खिलाड़ियों से भरा रहता था, लेकिन अब नाम मात्र के खिलाड़ी ही दिखाई देते हैं, जिसका कारण यह अवैध कब्जा है।



# रिम्स में इलाज के दौरान मौत पर परिजनों को तत्काल मिलेंगे 5 हजार रूपए

**रांची, एजेंसी।** रिम्स में इलाज के दौरान मरीज की मौत होने पर परिजनों को तत्काल 5 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। यह राशि यूपीआई के माध्यम से ऑन द स्पॉट ट्रांसफर की जाएगी। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स शासी परिषद (गवर्निंग बॉडी) की 61वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रिम्स में मृत्यु दर सबसे अधिक है।

निजी अस्पतालों और सीएचसी से रेफर केस रिम्स ही पहुंचते हैं। ऐसे में मृत्यु दर भी यहां सबसे अधिक है। इसी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभी यह राशि सिर्फ रिम्स में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी भी प्रकार की बाध्यता नहीं होगी। सभी श्रेणी के लोगों को यह राशि मिलेगी।

**स्वास्थ्य सचिव ने डॉक्टरों से कहा, पांच साल से कम उम्र के बच्चों को न दें कफ सिरप:** बैठक में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि कफ सिरप मामले में भारत सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है। सभी डॉक्टरों को कहा गया है कि 5 साल से कम उम्र वाले बच्चों को कफ सिरप नहीं देना है। जब देंगे, डॉक्टर के सुपरविजन में देंगे। जो बैन नहीं है, उसकी जांच कोलकता के लैब में होगी।




स्वास्थ्य मंत्री इरफान बोले, हर मरीज को सम्मानपूर्वक सेवा मिले, यही हमारी कोशिश

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। यह बैठक झारखंड के स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को नई उंचाईयों तक ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह हमारी सरकार की आम जनता, छात्रों और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम चाहते हैं कि हर गरीब, हर छात्र और हर मरीज को सम्मानपूर्वक सेवा मिले।

पीजी में एडमिशन के लिए सीटों को 176 से बढ़ा कर 250 सीट किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। सुपरस्पेशलिटी कोर्स में 4 सीट बढ़ाई गई है। वर्तमान में 9 सीट है जिसे बढ़ाकर 50 करने की भी बात कही गई है। एमबीबीएस की सीटें 180 से बढ़ाकर 250 करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**रिम्स में गरीब बच्चों को नीट परीक्षा की कोचिंग मुफ्त, सात करोड़ रु. खर्च होंगे:** राज्य के गरीब बच्चों को नीट की मुफ्त कोचिंग कराई जाएगी। रिम्स के एमबीबीएस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के टॉपर छात्र चयनित 30 छात्रों को कोचिंग देंगे। कोचिंग सप्ताह में 4 दिन संचालित होगी। प्रति घंटे 2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

**इंटर्नशिप करने वाले एमबीबीएस और बीडीएस छात्रों को मिलेंगे 30,070 रु.:** एम्स की गाइडलाइन के तहत रिम्स में इंटर्नशिप की राशि को भी मंजूरी दी गई है। अब रिम्स में इंटर्नशिप करने वाले एमबीबीएस और बीडीएस छात्रों को 30,070 रुपए का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले उन्हें 26,300 रुपए मिलते थे। लंबे समय से इसे बढ़ाने की मांग की जा रही थी।

पद से हटाए गए डीपीआरओ... संस्थान की छवि को धूमिल करने और गोपनीय दस्तावेज लीक करने के आरोप में डीपीआरओ को पद से हटाया गया।

### गढ़वा में ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत, ट्रेलर का पिछला पहिया युवक के ऊपर से गुजर गया

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा के रंका थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के एक युवक की मौत हो गई। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-343 पर खुदवा मोड़ के पास हुई। मृतक की पहचान अंबिकापुर निवासी 28 वर्षीय राजन सोनी के रूप में हुई है, जो बबलू सोनी के पुत्र थे।

राजन सोनी अपनी बुआ के घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अंबिकापुर लौट रहे थे। रंका-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर खुदवा मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का पिछला पहिया युवक के ऊपर से गुजर गया, जिससे राजन सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना विश्रामपुर पंचायत के समाजसेवी विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने तत्काल रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर और मोटरसाइकिल दोनों को जब्त कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि राजन सोनी के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। परिजनों के रंका थाना पहुंचने पर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा जाएगा।



# गुड़ की चाय रखेगी 3 खतरनाक बीमारियों को दूर

**इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन कुछ विशेष डाइट टिप्स अपनाकर हम फिट रह सकते हैं। गुड़ की चाय एक बेहतरी ऑप्शन हो, जो न सिर्फ सेहत के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह शरीर को गर्म और ताजगी प्रदान करती है।**

गुड़ से बनी चीजें विशेष रूप से फायदेमंद होती हैं। गुड़ शरीर को अंदर से गर्म रखता है और इसे विभिन्न रूपों में खाया जा सकता है। एक बेहद लाभकारी तरीका है गुड़ की चाय, जो सेहत के लिए कई फायदे प्रदान करती है। आइये गुड़ की चाय के फायदे और बनाने के तरीके के बारे में जानते हैं।

### पेट की समस्याओं से निजात

गुड़ की चाय पाचन में सुधार करती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। अगर आपको पाचन से संबंधित समस्याएं हैं, तो गुड़ की चाय एक प्राकृतिक उपाय हो सकती है। यह चाय रोजाना सुबह पीने से पेट की समस्याओं से निजात मिल सकती है।

### इम्यून सिस्टम होगा मजबूत

गुड़ में कई आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जैसे कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन, और विटामिन-बी। ये पोषक तत्व शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। शरीर को सही पोषण देने के लिए गुड़ की चाय एक बेहतरीन विकल्प है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचाव होता है।

### गुड़ की चाय बनाने का तरीका

अगर आप इस चाय को रोजाना सुबह पीते हैं, तो आपकी सेहत को लंबे समय तक फायदा हो सकता है। गुड़ की चाय को तैयार करने के लिए आपको पानी, दूध, चाय पत्तियां, अदरक, हरी इलायची और गुड़ की आवश्यकता होगी। एक कप पानी में अदरक, इलायची और गुड़ डालकर उबालें, फिर इसमें चाय पत्तियां डालकर पकाएं। दूध डालकर उबालें और चाय तैयार करें।







# सैकड़ों बीमारियों की दवा है शहद, गलत तरीके से खा रहे लोग

**शहद, जब सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिन इसे गलत चीज़ों के साथ मिलाने या गलत तरीके से उपयोग करने से नुकसान हो सकता है।**

शहद एक ऐसा फूड है जो तेसी होने के साथ-साथ सेहत को कई फायदे पहुंचाता है। आयुर्वेद में शहद को एक शक्तिशाली फूड माना गया है जिसके कई औषधीय गुण भी हैं। शहद में नेचुरल शुगर होती है। शहद के पोषक तत्वों की बात करें, तो यह विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट्स, एंजाइम्स और अमीनो एसिड्स से भरा होता है। शहद खाने के फायदे अनगिनत हैं। इसके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है, त्वचा में सुधार होता है, पाचन बेहतर बनता है, ऊर्जा देता है, वजन कंट्रोल रहता है, दिल को स्वस्थ करता है, दिल को स्वस्थ रखता है।

शहद खाने के यह फायदे आपको तभी मिल सकते हैं, जब आपका इसका सही तरीके से इस्तेमाल कर रहे हों। ध्यान रहे कि शहद को कुछ चीजों के साथ मिलाने से यह हानिकारक या विषाक्त हो सकता है, जिससे सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### गर्म पानी में शहद मिलाना



अधिकतर लोग शहद को गर्म पानी के साथ मिलाकर पीते हैं। ध्यान रहे कि शहद को 140°F से अधिक गर्म करने पर हाइड्रॉक्सिमिथाइलफुरफुरल नामक विषाक्त पदार्थ उत्पन्न हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, गर्म करने पर शहद के गुण बदल जाते हैं, जिससे यह पचने में कठिन और हानिकारक हो सकता है। शहद को हमेशा हल्के गुनगुने पानी या ठंडे होने के बाद पेय में डालें।

### शहद और घी बराबर मात्रा में लेना

आयुर्वेद के अनुसार, शहद और घी को समान मात्रा में मिलाना विषाक्त हो सकता है। शहद अमृत से बनता है, जबकि घी वसा है। शहद एक ठंडा करने वाला एजेंट है, जबकि घी गर्मी पैदा करता है। दोनों को मिलाने से क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया निकलता है, जो विषाक्त पदार्थ पैदा करता है जिससे पेट दर्द, सांस की समस्या और यहां तक कि कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### शहद और किण्वित उत्पाद (जैसे शराब या खट्टा दही)



शहद और किण्वित चीजें जैसे खट्टा दही या शराब पाचन में असंतुलन और पेट की समस्याएं पैदा कर सकती हैं। शहद में नेचुरल शुगर होती है, जो इन उत्पादों के साथ मिलकर किण्वन को बढ़ा सकती है।

### शहद और रिफाइंड शुगर

बहुत से लोग शहद और चीनी का एक साथ सेवन करते हैं। ध्यान रहे कि रिफाइंड शुगर या मिठाई के साथ शहद का उपयोग करने से शरीर में अतिरिक्त चीनी जमा हो जाती है, जिससे मोटापा, दिल के रोग और डायबिटीज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनके अलावा शहद को कभी मछली के साथ नहीं खाना चाहिए। यह पाचन तंत्र को प्रभावित कर विषाक्तता पैदा कर सकता है।

### शहद को मूली और प्याज



शहद और मूली का मेल शरीर में विषाक्तता उत्पन्न कर सकता है। यह पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है और सूजन जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। आयुर्वेद ग्रंथ भी मूली को शहद के साथ न मिलाने की सलाह देते हैं। इसी तरह शहद और प्याज को समान मात्रा में मिलाने से शरीर में गर्मी और असंतुलन हो सकता है।

### शहद और खट्टे फल

खट्टे फल (जैसे नींबू, संतरा) और गर्म शहद का संयोजन कुछ लोगों के पाचन तंत्र के लिए नुकसानदेह हो सकता है। यह पेट में जलन पैदा कर सकता है। हमेशा शुद्ध शहद का उपयोग करें, उबलते पानी, चाय, या दूध में शहद डालने से बचें। शहद को सूखे और ठंडे स्थान पर एयरटाइट कंटेनर में रखें और अधिक मात्रा में सेवन हानिकारक हो सकता है।





# फ्रेंच फ्राइज के दीवाने हैं और नियमित सेवन करते हैं तो खतरे में है आपकी सेहत

**फ्रेंच फ्राइज़ अपने स्वादिष्ट स्वाद के लिए जाने जाते हैं, लेकिन तेल में तले जाने, उच्च वसा सामग्री और मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसे संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के विकास के कारण, खासकर जब ज़्यादा पकाया जाता है, तो ये आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।**

फ्रेंच फ्राइज.. यह नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। बहरहाल, यह खबर उनके लिए है, जो नियमित रूप से फ्रेंच फ्राइज खाना पसंद करते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि ये स्वादिष्ट फ्राइज आपके स्वास्थ्य को आंतरिक रूप से कैसे प्रभावित कर रहे हैं? नियमित रूप से फ्रेंच फ्राइज का सेवन आपके शरीर को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। ये फ्राइज आम तौर पर तेल में डीप फ्राई किए जाते हैं, जिससे इनमें अस्वास्थ्यकर वसा और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। इसके कारण वजन बढ़ता है। साथ ही ये मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के खतरे को बढ़ाते हैं।

इसके अलावा, तलने की प्रक्रिया में एक्रिलामाइड जैसे हानिकारक यौगिक उत्पन्न होते हैं, खासकर जब फ्राइज को ज्यादा पकाया जाता है। इनसे दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं। यहां हम कुछ कारण बताने जा रहे हैं कि आपको नियमित रूप से बहुत अधिक फ्रेंच फ्राइज खाने से क्यों बचना चाहिए।

### खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है

फ्रेंच फ्राइज़ हाइड्रोजनीकृत तेल में तले जाते हैं, जिसमें ट्रांस वसा की उच्च मात्रा होती है। यह न केवल आपके खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) के स्तर को बढ़ाता है बल्कि आपके अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के स्तर को भी कम करता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है।

### आंतों के लिए नुकसान दायक

फ्रेंच फ्राइज़ की उच्च वसा सामग्री और चिकनाई आपके आंत माइक्रोबायोम को नुकसान पहुंचा सकती है, स्वस्थ बैक्टीरिया को कम करते हुए अस्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देकर, आपके पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

### वजन बढ़ने का कारण बनता है

फ्रेंच फ्राइज़ में कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, जिससे वे कैलोरी बम बन जाते हैं। नियमित सेवन सीधे तौर पर उनकी उच्च ऊर्जा सामग्री के कारण आसान और तेजी से वजन बढ़ने से जुड़ा है।

### हृदय रोग का खतरा बढ़ाता है

फ्रेंच फ्राइज़ वसा और नमक से भरे होते हैं, जो उच्च रक्तचाप, मोटापे और मधुमेह के उच्च जोखिम में योगदान करते हैं—ऐसे कारक जो हृदय रोगों की संभावना को काफी बढ़ा देते हैं।

### कैंसर का खतरा अधिक

कुछ लोगों को पता है कि फ्रेंच फ्राइज़ में उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जिससे रक्त शर्करा के स्तर में तेजी से वृद्धि होती है। समय के साथ, तलने की प्रक्रिया के दौरान हानिकारक यौगिकों के बनने के कारण, इससे कुछ कैंसर के बढ़ते जोखिम सहित स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



# नसों में खून, हड्डियों में कैल्शियम भर सकते हैं रागी के लड्डू

**शरीर को ताकतवर और इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आप रागी के लड्डू खा सकते हैं, रागी में कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं।**

इन दिनों इम्यून सिस्टम कमजोर होने से बीमारियों का ज्यादा खतरा होता है। कमजोर इम्यूनिटी, ठंड की बीमारियां, प्रदूषण आदि से आपके शरीर में कमजोरी और थकान पैदा हो सकती है। शरीर में जान भरने और इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए आप रागी लड्डू अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। राही का लड्डू कैल्शियम, फाइबर और आयरन आदि पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह शरीर को ताकत देता है, गर्म रखता है, इम्यूनिटी मजबूत करता है और बीमारियों से बचाता है।

### जरूरी सामग्री

- 1 कप रागी आटा
- ¾ कप गुड़
- ¼ कप घी
- ¼ कप कद्दूकस किया नारियल
- ½ चम्मच इलायची पाउडर
- थोड़े भुने हुए नट्स बादाम, काजू, या किशमिश, बारीक कटे हुए

### बनाने की विधि

- धीमी आंच पर एक पैन में रागी आटे को खुशबू आने तक भूनें। जलने से बचाने के लिए लगातार चलाते रहें।
- एक अलग पैन में 2-3 चम्मच पानी के साथ गुड़ को पिघलाएं।
- भुने हुए रागी आटे में पिघला हुआ गुड़ डालें और अच्छी तरह मिलाएं।
- इसमें नारियल, इलायची पाउडर और भुने हुए मेवे डालें।
- गर्म घी को धीरे-धीरे मिश्रण में डालें और इसे अच्छी तरह मिलाएं ताकि यह बंधने लगे।
- मिश्रण गर्म रहते हुए इसे हाथों से छोटे-छोटे गोले का आकार दें
- लड्डू को पूरी तरह ठंडा होने दें और फिर एक एयरटाइट डिब्बे में रखें। यह 10 दिनों तक ताजा रहता है।

### हड्डियों को मिलेगी मजबूती

रागी कैल्शियम का सबसे अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। नियमित सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस को रोका जा सकता है और बच्चों व बुजुर्गों की हड्डियों का विकास बेहतर होता है।

### दिल को स्वस्थ रखने में सहायक

रागी में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे तत्व होते हैं, जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करते हैं, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं और दिल को स्वस्थ रखते हैं। यह लड्डू सर्दी-खांसी और संक्रमण से बचाव करते हैं।

### पाचन में होता है सुधार

रागी में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो कब्ज को रोकता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। रागी आयरन से भरपूर होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने और एनीमिया को रोकने में मदद करता है। गुड़ के साथ मिलाने पर इसका आयरन कंटेंट और भी बढ़ जाता है।

### वजन और ब्लड शुगर कंट्रोल करने में सहायक

रागी में फाइबर अधिक होने के कारण यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे भूख कम लगती है और वजन कंट्रोल रहता है। रागी का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है।

## 9 दिन में चांदी में 12,500 रुपये उछली, सोने से तेज चांदी की रफ्तार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमत राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में गुरुवार को 6,000 रुपये की तेजी के साथ 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। चांदी में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार इतना तेज उछाल आया है। छह अक्टूबर को यह 7,400 रुपये चढ़कर 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को कारोबार के अंत में चांदी की कीमत 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के अनुमान के बीच वैश्विक बाजार में सुरक्षित निवेश के रूप में चांदी की खरीद बढ़ी है। इसके चलते इसकी कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को अपने ऑल टाइम हाई लेवल क्रमश: 1,26,600 रुपये और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहा। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,039.26 डॉलर प्रति औंस पर जबकि चांदी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 49.67 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमतों में भी इस साल 75 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। दिसंबर 2024 के अंत में इसके भाव 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर थे, जो अब उछलकर 1,63,000 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। यह चांदी का बीते कई दशकों में सबसे शानदार प्रदर्शन है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी के दाम लगातार चमक रहे हैं।

## एक्स-बोनस ट्रेड कर रही है कंपनी, मिलेंगे 1 पर 1 शेयर फ्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल में निवेशकों को मालामाल करने वाली कंपनी नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर आज एक्स-बोनस ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को अपर सर्किट लगा है। बता दें, 2025 में कंपनी में पोजीशनल निवेशकों को 100 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। एक्सचेंज को दी जानकारी में नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 10 अक्टूबर 2025 यानी आज की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में आज रहेगा उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। इस कंपनी के शेयरों का बंटवारा भी प्रस्तावित है। कंपनी शेयर बाजार में अगले हफ्ते एक्स-स्प्लिट ट्रेड करेगी। एक्सचेंज को मिली जानकारी के अनुसार 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड ने 17 अक्टूबर 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित किया है। गुरुवार को यह स्टॉक बीएसई में 246.35 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। आज एक्स-बोनस ट्रेड करने की वजह से यह स्टॉक 128.50 रुपये पर खुला। लेकिन अपर सर्किट लगते ही कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 129.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बीएसई के डाटा के अनुसार कंपनी के शेयरों की कीमतों में 2025 में 154 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 488 प्रतिशत बढ़ा है।

### लीज पर कॉमिक्स देने वाले ने

# खड़ी कर दी 8,885 करोड़ की कंपनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ग्लोबल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रोवाइडर कंपनी है जिसका हेडक्वार्टर सिंगापुर में है। इस कंपनी में 21 हजार से अधिक लोग काम करते हैं जिनमें से 15,000 भारत में हैं। दुनिया भर के 17 देशों में इसके 83 सेंटर है। मार्च 2025 में समाप्त हुए वर्ष में इसका रेवेन्यू .1 बिलियन यानी करीब 8,885 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के ग्राहकों में रोल्स रॉयस, जीई, प्रैट एंड व्हिटनी, एयरबस, ब्रिटिश पेट्रोलियम, एएमडी, रेनेसास, माइक्रोसॉफ्ट और क्वालकॉम शामिल हैं। इसकी स्थापना कर्नाटक के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली अजीत प्रभु ने की थी। अजीत का बचपन उत्तरी कर्नाटक के एक छोटे से शहर हुबली में बीता। वह एक साधारण परिवार से आते हैं। 1980 के दशक में कॉमिक्स मनोरंजन का एक जरिया हुआ करती थीं लेकिन अजीत के पास उन्हें खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। उन्होंने एक ऐसी तरकीब निकाली की पैसा भी ज्यादा न देना पड़े और कॉमिक्स भी पढ़ने को मिल जाए। वह दुकान पर ही कॉमिक पढ़ते और इसके लिए 25 पैसे देते। दुकान मालिक की एक ही शर्त थी कि कॉमिक को सही सलामत वापस करना होगा। फिर वह कॉमिक्स को घर ले जाकर अपने दोस्तों को किराए पर देने लगे। इस तरह अजीत ने थोड़े पैसे जमा करने शुरू कर दिए और कॉमिक्स का एक कलेक्शन भी बना लिया। यूनिवर्सिटी में उनका फोकस टीचिंग या रिसर्च असिस्टेंटशिप खोजने पर था जो उनके कोर्स का भुगतान कर सकें। उन्हें मिली पहली नौकरी यूनिवर्सिटी के बुकस्टोर में मिली। उनका काम गोदाम से किताबें लाने और उन्हें स्टोर में ठीक से रखने करने में मदद करना था। बाद में उन्हें माइनोरिटी स्टूडेंट्स को को गणित पढ़ाने का काम मिला। इस काम से उन्होंने छह महीने में कार खरीदने लायक कमाई भी कर ली थी।

### जीई ने बदली सोच

[redacted]

### साधारण पृष्ठभूमि

अजीत के पिता हुबली में वकील थे। अजीत ने कन्नड़ माध्यम के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। वह मैथ्स और फिजिक्स में अच्छे थे जिससे उन्होंने एक इंजीनियरिंग कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला मिल गया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। एसबीआई से लोन लेकर उनके अमेरिका जाने के टिकट का इंतजाम किया गया और जेब में 60 के साथ वह अमेरिका रवाना हो गए। अमेरिका में उनकी पहली रात पूरी तरह से हवाई अड्डे के टर्मिनल में बीती। आया और उन्हें अमेरिकी पे-फोन सिस्टम के काम करने का तरीका नहीं पता था।

## ट्रंप के करीबी ने भी माना इंडियन इकॉनमी का लोहा, पार्टनरशिप के लिए बढ़ाया हाथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी है और अमेरिका के करीबी देश ब्रिटेन ने भी इसका लोहा मान लिया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने गुरुवार को कहा कि भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ब्रिटेन इस सफर में साझेदार बनने के लिए उपयुक्त स्थिति में है। स्टार्मर ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता ब्रिटेन को प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व बढ़ाने का अवसर देगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश 'ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल' को भी गहरा कर रहे हैं। बुधवार को एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई पहुंचे स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की और दोनों देशों ने इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाया। दोनों देशों ने 2030 तक आपसी व्यापार को 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जो अभी 56 अरब डॉलर है। भारत अभी अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी है। माना जा रहा है कि अगले कुछ साल में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। स्नश्वह्रस्नद्दद्ब के मुताबिक जर्मनी की इकॉनमी अभी 4.74 ट्रिलियन है जबकि भारत की 4.19 ट्रिलियन है। इस साल जर्मनी की इकॉनमी में 0.1 फीसदी गिरावट आने की संभावना है जबकि भारतीय इकॉनमी के 6.2 फीसदी ग्रोथ से बढ़ने का अनुमान है।

## एचडीएफसी बैंक और अटल पेंशन योजना से जुड़ी दो खबरें आपके लिए बेहद जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अटल पेंशन योजना का नया रजिस्ट्रेशन फॉर्म जारी हो चुका है। इसमें कई बदलाव किए गए हैं। अब पुराने फॉर्म से रजिस्ट्रेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अटल पेंशन योजना में सबसे अहम बदलाव यह है कि एफएटीसीए/सीआरएस की घोषणा अब अनिवार्य कर दी गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई उपभोक्ता विदेशी नागरिक तो नहीं है। इस बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि एपीवाई खाते सिर्फ भारत में रहने वाले नागरिक हो खोल सकें। इसके अलावा फीस संरचना में भी बदलाव किया गया है। सरकारी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक पीआरएएन किट 18 रुपये और फिजिकल कार्ड 40 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि वार्षिक रखरखाव शुल्क 100 रुपये होगा। एपीवाई और एनपीएस-लाइट खाता खुलवाने और रखरखाव की फीस 15 रुपये रखी गई है। निजी क्षेत्र में एएमसी 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक तय की गई है, जबकि सभी लेन-देन पर शुल्क माफ रहेगा। अटल पेंशन योजना 2015 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य कामगारों को 60 वर्ष की उम्र के बाद 1,000 से 5,000 रुपये मासिक पेंशन प्रदान करना है। इसके लिए उम्र 18 से 40 साल के बीची में होनी चाहिए।

# एप्पल, गूगल के बाद अब मेटा करेगी भारत में बड़ा निवेश

### 440000000 की डील फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब आंखें खोलकर देख लें। उनके ही देश की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत की अर्थव्यवस्था का लोहा मान रही हैं और यहां जमकर निवेश कर रहा हैं। एप्पल और गूगल के बाद अब मेटा भी भारत में बड़ा निवेश करने जा रही है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इसके लिए उनसे 5 मिलियन डॉलर (करीब 44 करोड़ रुपये) की डील फाइनल की है। मेटा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसी कंपनियों की मालिक है।

मेटा भारत में एक बड़ा अंडरसी केबल प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। इस प्रोजेक्ट का नाम वाटरवर्थ है। यह अरबों डॉलर का प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए मुंबई और विशाखापत्तनम को लैंडिंग साइट्स (जहां केबल




जमीन पर उतरेगा) के तौर पर चुना गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए मेटा ने भारत में सिफी टेक्नोलॉजीज को अपना लैंडिंग पार्टनर बनाया है। यह डील करीब 5 मिलियन डॉलर की बताई जा रही है। खास बात यह है कि गूगल भी अपने 400 मिलियन डॉलर के ब्लू-रमन सबसी केबल के लिए सिफी टेक्नोलॉजीज के साथ ही पार्टनरशिप कर रहा है।

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ती दिलचस्पी

मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों का भारत में इस तरह का निवेश, देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उनकी बढ़ती दिलचस्पी को दिखाता है। यह इस बात का भी संकेत है कि दुनिया भर में डेटा कनेक्टिविटी के मामले में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन सालों में भारत के सबसी केबल (समुद्र के नीचे बिछाए जाने वाले केबल) के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्षमता जुड़ी है। सिर्फ मेटा और गूगल ही नहीं, बल्कि रिलायंस जियो और भारती एयरटेल जैसी भारतीय टेलीकॉम कंपनियां भी इस क्षेत्र में भारी निवेश कर रही हैं। वे भारत में बढ़ती डेटा की मांग का फायदा उठाना चाहती हैं। कैलिफोर्निया की कंपनी ओपनकेबल्स इंक के फाउंडर सुनील टैगारे का मानना है कि मेटा का यह केबल सिस्टम अगले 5 से 10 सालों में करीब 10 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसमें सिर्फ केबल बिछाने का खर्च 2 अरब डॉलर होगा।

# केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है... केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा

### ● कैसे बढ़ी किसानों की इनकम ● पर्यावरण संरक्षण और मूल्य आधारित सामाजिक व्यवस्था के साथ-साथ चलना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तरफ बढ़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। इसे पर्यावरण संरक्षण और मूल्य आधारित सामाजिक व्यवस्था के साथ-साथ चलना चाहिए।

गडकरी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर में बड़ा बदलाव आया है और यह जापान को पछाड़कर दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। साल 2014 में भारत 7वें स्थान पर था। उन्होंने कहा, अब 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर के



साथ भारत तेजी से दुनिया का ऑटोमोबाइल हब बन रहा है और बायोफ्यूल, इथेनॉल, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और हाइड्रोजन में तेजी से प्रगति कर रहा है।

इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा कृषि में किए जा रहे वैल्यू एडिशन के बारे में भी चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मक्के से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति देने से न केवल किसानों की आय बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिला है। मक्के से इथेनॉल उत्पादन को मंजूरी देने से उत्तर प्रदेश और बिहार में किसानों की आय में काफी वृद्धि हुई है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के 45,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा हुआ है। इसी कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की लगभग 46 आबादी कृषि क्षेत्र में कार्यरत है और सरकार का ध्यान खाद्य उत्पादन तथा किसान कल्याण में आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को किसानों की समृद्धि के साथ-साथ चलना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे किसान न केवल देश का पेट भरें, बल्कि सम्मान और स्थिरता के साथ कमाई भी करें। उन्होंने प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से बीजों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और छोटे तथा सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए मशीनीकरण में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर कृषि के सभी पहलुओं में पोषण सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को भी शामिल करना चाहिए।

### आईपीओ से पैसा जुटाने में भारत चौथे स्थान पर

# निवेशकों को मिला औसतन 22 रिटर्न

**ई दिल्ली, एजेंसी।**
रेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद ारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सा जुटाने के मामले में भारत दुनिया में चौथे स्थान र है। बर्नस्टीन के विश्लेषण के मुताबिक, कैलेंडर र्ष 2025 में भारतीय कंपनियों ने आईपीओ के रिये 14.2 अरब डॉलर की राशि जुटाई।

अमेरिका 52.9 अरब डॉलर के साथ इस सूची ं शीर्ष पर है। हांगकांग 23.4 अरब डॉलर के साथ ्सरे और चीन 16.2 अरब डॉलर के साथ चौथे थान पर है। विश्लेषण के मुताबिक, रुपये के संदर्भ ं कैलेंडर वर्ष 2025 में प्राथमिक बाजार में 74 ारतीय कंपनियों ने आईपीओ से 85,241.08 रोड़ रुपये जुटाए हैं। यह पिछले पांच वर्षों में ाथमिक बाजार से जुटाई गई तीसरी सबसे बड़ी राशि । इसमें 30,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए खुले ीन बड़े आईपीओ बीवर्क इंडिया, टाटा कैपिटल और ्लजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया शामिल नहीं हैं। इससे हले 2024 में 91 आईपीओ से 1,59,783.76 रोड़ और 2021 में 63 इश्यू से 1,18,723.17 रोड़ रुपये की रकम जुटाई गई थी।

निवेशकों को मिला औसतन 22 फीसदी रिटर्न ानवरी, 2024 से अब तक यानी 21 महीने में ारत में 161 कंपनियों के आईपीओ सूचीबद्ध हुए। न शेयरों ने निवेशकों को औसतन 22 फीसदी का




रिटर्न दिया है, जो बड़े बाजार सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन है। इन शेयरों ने पिछली सात तिमाहियों में से पांच में निफ्टी के रिटर्न को पीछे छोड़ दिया है। 161 में से 61 फीसदी शेयरों ने छह महीने में निफ्टी सूचकांक के मुकाबले निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है।विश्लेषण के मुताबिक, छोटे आकार के आईपीओ ने लिस्टिंग पर निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। दो करोड़ डॉलर से कम के आकार वाले आईपीओ ने करीब 40 फीसदी का रिटर्न दिया है। दो से चार करोड़ डॉलर के इश्यू ने लिस्टिंग पर निवेशकों को 31 फीसदी का मुनाफा दिया है। एक अरब डॉलर से अधिक के आईपीओ सबसे कम सफल रहे है, जिन्होंने औसतन 9 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# जीएसटी कटौती से शहरी परिवारों ने त्योहारों में जमकर की खरीदारी; सीएमआईई की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
जीएसटी दरों में कटौती, महंगाई के मोर्चे पर राहत और आय वृद्धि की वजह से शहरी उपभोक्ताओं की खरीद धारणा में सितंबर, 2025 में तेजी देखने को मिली है। इसका असर यह हुआ कि शहरी इलाकों में रहने वाले परिवारों ने नवरात्र में एयर कंडीशनर (एसी), टीवी और कारों की जमकर खरीदारी की है।

भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से पैदा तनाव के कारण शहरी उपभोक्ताओं ने अगस्त, 2025 में खरीदारी टाल दी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी परिवारों की भावनाएं बेहतर होने से उपभोक्ता धारणा सूचकांक (आईसीएस) सितंबर में 2.1 फीसदी बढ़ गया। अगस्त में इसमें 1.8 फीसदी की




गिरावट आई थी। इसके साथ ही, एसी, टीवी, फ्रिज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के साथ कार और दोपहिया वाहन खरीदने के लिए अच्छा समय मानने वाले शहरी परिवारों का अनुपात सितंबर में बढ़कर 40.1 फीसदी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अगस्त में यह 35 फीसदी था। आने वाले वर्षों में आय बेहतर होने की उम्मीद करने वाले शहरी परिवारों का अनुपात सितंबर में बढ़कर रिकॉर्ड 46 फीसदी पहुंच गया। यह लगातार चौथा महीना है, जब भविष्य में आय वृद्धि को लेकर शहरी परिवारों में आशावाद बढ़ा है। पिछले छह महीनों में शहरी परिवारों ने एक साल पहले की तुलना में अपनी वित्तीय स्थिति को लेकर लगातार भरोसा हासिल किया है। हालांकि, अगस्त तक उनकी खरीदारी की मंशा में यह मजबूती नहीं दिख रही थी।

सीएमआईई के मुताबिक, 42.1 फीसदी शहरी परिवारों का मानना है कि एक साल पहले की तुलना में उनकी कमाई बढ़ी है। इससे उनकी वर्तमान आर्थिक स्थिति सूचकांक (आईसीसी) में अगस्त के 1.5 फीसदी की गिरावट के मुकाबले सितंबर में 1.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। शहरी आर्थिक स्थिति सूचकांक में मार्च, 2025 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

**खरीद-बिक्री के लिहाज से शानदार त्योहारी सीजनन्न** रिपोर्ट में कहा गया है कि एसी, टीवी, कार और दोपहिया वाहन जैसे उत्पादों पर हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने सितंबर में खरीदारी की धारणा को बढ़ावा दिया है। माहंगाई में कमी, आयकर छूट और कम व्याज दरों ने भी शहरी भारत में जगमगाते उत्सव के माहौल का आधार तैयार कर दिया है। ऐसे में सितंबर में शहरी उपभोक्ताओं की भावनाओं में देखी गई शानदार वृद्धि यह संकेत है कि खरीद-बिक्री के लिहाज से मौजूदा त्योहारी सीजन काफी अच्छा रहने वाला है।

# कास्परोव ने आनंद पर शुरुआती बढ़त बनाई

## तीसरी बाजी में भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी को हराया

**सेंट लुइस, एजेंसी।** शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21 साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है। आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को क्लच शतरंज टूर्नामेंट की तीसरी बाजी में गैरी कास्परोव से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह महान खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में कास्परोव ने 2.5–1.5 की बढ़त बना ली। शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21



साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है। आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। शतरंज 960 प्रारूप के तहत रोजाना दो रैपिड और दो ब्लिट्ज मुकाबले होने हैं। दिन की शुरुआती दो बाजी ड्रॉ रहीं जिसके बाद कास्परोव ने तीसरी बाजी में आनंद को हराया। आनंद के पास बाजी को ड्रॉ कराने का मौका था लेकिन वह चूक गए। पहली बाजी में भी आनंद का पलड़ा भारी था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने सहज गलतियां करके दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कास्परोव को वापसी करके बाजी ड्रॉ कराने का मौका दे दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरी और चौथी बाजी भी ड्रॉ रही।

**रणजी ट्रॉफी**

# दिल्ली ने किया टीम का ऐलान, बडोनी करेंगे कप्तानी, नीतीश राणा की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।
दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की चयन समिति ने नितीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा



उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं। ष्ठष्ठष्ट सचिव अशोक शर्मा ने बताया, 'चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमेशा उपलब्ध रहता है। जब हम दिल्ली में घरेलू मैच खेलेंगे, तो हम इसे घटाकर 15 कर देंगे। राणा की वापसी पर शर्मा ने कहा, 'वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और चयनकर्ता उन्हें परखना चाहते थे। अगले मैच में हम ऋषभ पंत के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं। बैठक में चयनकर्ता यशपाल सिंह, के भास्कर पिल्लई और मनु नायर के साथ-साथ मुख्य कोच सरनदीप सिंह, सीएसी सदस्य सुरिंदर खन्ना और डीडीसीए के अधिकारी अशोक शर्मा (सचिव) और अमित ग्रोवर (संयुक्त सचिव) भी शामिल हुए।

### दिल्ली टीमः

आयुष बडोनी (कप्तान), यश ढुल (उप-कप्तान), अर्पित राणा, सनत सांगवान, अनुज रावत (विकेटकीपर), सुमित माथुर, शिवम शर्मा, रौनक वाघेला, नवदीप सैनी, सिमरजीत सिंह, मनी ग्रेवाल, सिद्धांत शर्मा, ध्रुव कौशिक, प्रणव राजवंशी (विकेटकीपर), नीतीश राणा, हिम्मत सिंह, आयुष दोसेजा, राहुल डागर, रितिक शौकीन, प्रियांश आर्य, तेजस्वी (विकेटकीपर), वैभव कांडपाल, रोहन राणा, आर्यन राणा (फिटनेस हासिल करने पर)।



**फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर**

# स्कॉटलैंड, नीदरलैंड्स और डेनमार्क का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में स्कॉटलैंड ने ग्रीस पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अपनी संभावनाओं को मजबूत किया है। वहीं, नीदरलैंड्स, डेनमार्क और ऑस्ट्रिया ने अपने प्रदर्शन से फैंस को प्रभावित किया। ग्रुप-सी के मुकाबले में हैम्पडेन पार्क में अपने पिछले दौरे में 3-0 से जीत हासिल करने वाली ग्रीस की टीम ने इस मैच में भी शानदार शुरुआत की। कोस्टास सिमिकास ने 62वें मिनट में गोल करते हुए ग्रीस को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि, ग्रीस की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई। स्कॉटलैंड की ओर से रयान क्रिस्टी ने दो मिनट बाद (64वें मिनट) ही नजदीकी रेंज से गोल दागा। लुईस फर्ग्यूसन ने 80वें मिनट में गोल करते हुए स्कॉटलैंड को 2-1 से बढ़त दिला दी। ग्रुप-सी के एक अन्य मैच में रासमस होजलुंड ने दो गोल दागकर डेनमार्क को हंगरी के खिलाफ 6-0 से जीत दिलाई। इसी के साथ जर्मनी ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, ग्रीस और बेलारूस क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं। ग्रुप-जी में नीदरलैंड्स ने माल्टा को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में कोडी गाकपो ने 12वें और 48वें मिनट में गोल दागे। विपक्षी टीम एक अदद गोल के लिए तरसती रह गई। नीदरलैंड की टीम इस ग्रुप में शीर्ष पर है। ग्रुप-एच में ऑस्ट्रिया ने सैन मैरिनो पर 10-0 से बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मार्को अर्नौटोविक ने चार (8वें मिनट, 47वें मिनट, 83वें और 84वें मिनट) गोल दागे।

# डब्ल्यूपीएल में पहली बार मेगा ऑक्शन

## 5 प्लेयर्स रिटेन होंगेःहर फ्रेंचाइजी के पास 15 करोड़ का बजट, राइट-टु-मैच कार्ड भी मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग में पहली बार मेगा ऑक्शन होगा। ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी टीमें 5 प्लेयर्स को रिटेन कर सकेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारिख 5 नवंबर है, जिसकी जानकारी टीमों को दे दी गई है। जबकि ऑक्शन की प्रक्रिया 25 से 29 नवंबर के बीच हो सकती है। गुरुवार को डब्ल्यूपीएल ने सभी फ्रेंचाइजी को एक ईमेल भेजे।



इसमें कहा कि हर टीम ज्यादा से ज्यादा तीन कैप्ड भारतीय, दो विदेशी और दो अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी रिटेन कर सकती है। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उनमें कम से कम एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी होना अनिवार्य है। हर फ्रेंचाइजी के पास 15 करोड़ रुपए का बजट ऑक्शन के लिए हर फ्रेंचाइजी के पास 15 करोड़ रुपए का पर्स है। वहीं, रिटेंशन स्लैब्स के लिए गाइडलाइन भी जारी की हैं। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसकी पर्स से 9.25 करोड़ रुपए काटे जाएंगे। चार खिलाड़ियों के लिए 8.75 करोड़ रुपए, तीन के लिए 7.75 करोड़ रुपए, दो के लिए 6 करोड़ रुपए और एक के लिए 3.5 करोड़ रुपए घटाए जाएंगे।

# शिवम दुबे का तूफानी शो

## ● 62 गेंदों में शतक, एक ओवर में जड़े 4 छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे इन दिनों जबरदस्त फॉर्म में हैं. एशिया कप में भारत को खिताबी जीत दिलाने के बाद अब उन्होंने घरेलू क्रिकेट में भी बल्ले से कहर बरपा दिया है. पुणे में खेले गए मुंबई और महाराष्ट्र के बीच प्रैक्टिस मैच में दुबे ने ऐसा तूफानी प्रदर्शन किया कि गेंदबाजों के होश उड़ गए.

### 62 गेंदों में शतक, 9 छक्के और 5 चौके

मुंबई की ओर से खेलते हुए शिवम दुबे ने सिर्फ 62 गेंदों पर शतक ठोक दिया. उनकी पारी में 9 छक्के और 5 चौके शामिल रहे. जिस अंदाज में उन्होंने बल्लेबाजी की, विपक्षी टीम पूरी तरह बैकफुट पर आ गई. सबसे खास पल तब आया जब उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हितेश वालुंज के एक ही ओवर में लगातार चार छक्के जड़ दिए. दुबे उस वक्त क्रीज पर आए जब मुंबई की टीम शुरुआती दो विकेट गंवाकर दबाव में थी. कप्तान हार्दिक तामोरे भी 24 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे. ऐसे में दुबे ने मोर्चा संभाला और 160 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए.



### पृथ्वी शॉ ने जड़ा 181 रन, लेकिन विवाद में फंसे

इस मुकाबले में महाराष्ट्र की ओर से पृथ्वी शॉ ने भी बल्ले से आग उगली और शानदार 181 रन बनाए. हालांकि उनकी यह पारी बाद में विवादों में घिर गई. दरअसल, मैच के दौरान उनका झगड़ा मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान (सरफराज खान के छोटे भाई) से हो गया. जानकारी के मुताबिक, पृथ्वी शॉ आउट होने के बाद गुस्से में आ गए और उन्होंने मुशीर की ओर बैट उठाकर दौड़ लगा दी. मैदान पर माहौल गरम हो गया और दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस बढ़ने लगी. अंपायर और टीम मैनेजमेंट ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया. इस घटना की जांच अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर को सौंपी गई है.

### रणजी से पहले मिला चेतावनी का संदेश

रणजी ट्रॉफी शुरू होने से पहले खेला गया यह तीन दिवसीय अभ्यास मैच कई मायनों में चर्चा में रहा. एक तरफ शिवम दुबे की तूफानी बल्लेबाजी ने सभी का ध्यान खींचा, तो दूसरी ओर पृथ्वी शॉ के आक्रामक रवैये ने निराश किया. शिवम का ये फॉर्म भारतीय टीम के लिए बड़ा संकेत है कि ये ऑलराउंडर आने वाले सीजन में भी मैच जिताऊ खिलाड़ी साबित हो सकते हैं.

# यशस्वी जयसवाल ने टेस्ट में ठोका सातवां शतक

## शुभमन गिल और रवि शास्त्री का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में अपने टेस्ट करियर का सातवां टेस्ट शतक लगाया। इस शतक के साथ उन्होंने



शुभमन गिल और रवि शास्त्री का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है जबकि एलेस्टेयर कुक और जावेद मियांदाद की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं। यहां यशस्वी ने खारी पियरे की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना सातवां शतक पूरा किया। उन्होंने 145 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए अपना शतक बनाया। जायसवाल का सातवां टेस्ट शतक 24 साल की उम्र से पहले आया, केवल तीन खिलाड़ियों ने इससे अधिक शतक बनाए है। इस उम्र में ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन ने (12) शतक, सचिन तेंदुलकर ने (11) शतक, और गारफील्ड सोबर्स ने (9) शतक बनाने वालों में है। अब वह जावेद मियांदाद, ग्रीम स्मिथ, एलेस्टियर कुक और केन विलियमसन के साथ सात-सात शतक लगाने वाले क्लब में शामिल हो गए है।

### 23 की उम्र में सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक

- 12 – डोनाल्ड ब्रैडमैन (ऑस्ट्रेलिया), 26 पारियों में
- 11 – सचिन तेंदुलकर (भारत), 80 पारियों में
- 9 – गैरी सोबर्स (वेस्टइंडीज), 54 पारियों में
- 7 – यशस्वी जायसवाल (भारत), एलेस्टेयर कुक (इंग्लैंड), जावेद मियांदाद (पाकिस्तान), ग्रीम स्मिथ (दक्षिण अफ्रीका), केन विलियमसन (न्यूज़ीलैंड)

### इस उम्र में भारत के लिए सबसे ज़्यादा शतक

- 22 – सचिन तेंदुलकर (220 पारियां)
- 15 – विराट कोहली (119 पारियां)
- 8 – यशस्वी जायसवाल (71 पारियां)*
- 7 – रवि शास्त्री (110 पारी)
- 7 – शुभमन गिल (73 पारी)

**बज गया आईपीएल 2026 का बिगुल**

# दिसंबर के दूसरे हफ्ते में नीलामी की संभावना, 15 नवंबर तक तय करनी होगी रिटेंशन लिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी दिसंबर 2025 के दूसरे या तीसरे हफ्ते में होने की संभावना है। अभी इसकी संभावित तारीखें 13 से 15 दिसंबर बताई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, फ्रेंचाइजी पदाधिकारियों ने बीसीसीआई से हुई बातचीत में इन तारीखों पर चर्चा की है। हालांकि, लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अब तक शेड्यूल पर अंतिम फैसला नहीं लिया है।



- **इस बार नीलामी भारत में होने की उम्मीद**– रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस बार नीलामी भारत में कराने के मूड में है। फ्रेंचाइजियों का भी यही मानना है कि मिनी ऑक्शन देश में ही हो। पिछले दो साल नीलामी विदेश (2023 में दुबई और 2024 में सऊदी अरब के जेद्दा) में हुई थी।
- **15 नवंबर तक तय करनी होगी रिटेंशन लिस्ट**– फ्रेंचाइजियों के पास खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट सौंपने के लिए 15 नवंबर तक का समय है। इस तारीख तक हर टीम को बताना होगा कि किन खिलाड़ियों को रखना है और किन्हें रिलीज करना है। बड़े बदलाव की उम्मीद ज्यादा नहीं है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ऐसी दो टीमें हैं जो पिछले सीजन के खराब प्रदर्शन के बाद बड़ा फेरबदल कर सकती हैं।
- **कैमरन ग्रीन हो सकते हैं सबसे हॉट खिलाड़ी**– इस बार की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के सबसे चर्चित रहने की संभावना है। चोट की वजह से वह पिछली नीलामी से बाहर रहे थे, लेकिन इस बार कई टीमें उन्हें अपने पाले में लेने के लिए तैयार हैं।

# आईपीएल 2026 से पहले सीएसके में होगा बड़ा बदलाव

## इन 5 खिलाड़ियों को रिलीज करेगी पांच बार की चैम्पियन टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्) का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था. पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम सीएसके ने 14 में से केवल 4 मुकाबले जीते थे और वो अंकतालिका में आखिरी स्थान पर रही थी. टीम मैनेजमेंट अब आईपीएल 2026 से पहले बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है. रिपोर्ट के मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन से पहले पांच खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है. जिन खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया जा सकता है-



उनमें सैम करन (इंग्लैंड), डेवोन कॉन्वे (न्यूजीलैंड), दीपक हुड्डा, विजय शंकर और राहुल त्रिपाठी शामिल हैं. टीम के बेहद खराब प्रदर्शन के चलते इन खिलाड़ियों को रिलीज करने की नौबत आई है. आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने भी चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलों में इजाफा किया था. ऋतुराज के बाहर होने के बाद एमएस धोनी ने टीम की कमान संभाली, लेकिन वो भी टीम की किस्मत नहीं बदल सके. अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करने की रणनीति इस बार उलटी पड़ गई.

- **इस मामले में फिसड्डी रही सीएसके**– टॉप ऑर्डर के खराब प्रदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें काफी बढ़ाई. डेवोन कॉन्वे, दीपक हुड्डा, विजय शंकर और राहुल त्रिपाठी का फॉर्म लगातार गिरता गया. आईपीएल 2025 में सीएसके के बल्लेबाजों ने 138.29 के स्ट्राइक रेट से 2315 रन बनाए, जो पिछले सीजन में किसी टीम का सबसे कम स्ट्राइक रेट था. इसके अलावा सीएसके ने पावरप्ले में सबसे कम रन (693) बनाए, साथ ही 29 विकेट गंवाए. टीम मैनेजमेंट अब युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताना चाहती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रेंचाइजी का इरादा स्क्वॉड को नए सिरे से बनाने का है।

# ऋचा घोष पर भारी पड़ी नादिन डी क्लर्क की पारी, दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 3 विकेट से हराया



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** महिला विश्व कप 2025 के बेहद अहम मुकाबले में भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम द्वारा दिए 252 रन के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 48.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। 252 का लक्ष्य हासिल करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट के 111 गेंद पर 70, नादिन डी क्लर्क के 54 गेंद पर नाबाद 84, और क्लो ट्रायोन के 66 गेंद पर 49 रन की पारी की मदद से 48.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 252 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ओली और प्रचंड की सुरक्षा घटी

**काठमांडू, एजेंसी।** गृह मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड की सुरक्षा टीम में कटौती की है। गृह मंत्रालय के एक उच्च स्रोत के अनुसार, ओली की सुरक्षा में तय संख्या से अधिक तैनात 28 सुरक्षाकर्मियों को बृहस्पतिवार को वापस बुला लिया गया। इसी तरह प्रचंड की सुरक्षा में तैनात 34 सुरक्षाकर्मियों को भी वापस बुलाया गया है। प्रचंड की सुरक्षा में कुल 52 सुरक्षाकर्मी तैनात थे। विशिष्ट व्यक्ति सुरक्षा कार्यविधि के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्रियों समेत उच्च पदस्थ व्यक्तियों को निश्चित मापदंड के तहत ही सुरक्षा व्यवस्था दी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक के खिलाफ दर्ज शिकायत जांचबुझ आयोग ने पुलिस को वापस भेज दी। जेन-जी आंदोलन की जांच के लिए बने आयोग ने यह कहकर शिकायत लौटाई कि मामला उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग के प्रवक्ता विज्ञानराज शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि फौजदारी अपराधों की जांच और कार्रवाई का अधिकार अन्य निकायों को प्राप्त है, इसलिए इन मामलों में आयोग की रिपोर्ट का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, जेन-जी आंदोलन में मारे गए लोगों के परिजनों ने जिला पुलिस परिसर में याचिका देकर ओली और लेखक की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज न कर उसे आयोग के पास भेज दिया था।

### लॉस एंजिलिस में सबसे भीषण आग लगाने के आरोपी को जेल में ही रहना होगा

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस की सबसे भीषण पैलिसेड्स वाइल्डफायर लगाने के आरोपी जोनाथन रिंडरक्नेच्ट को अदालत ने जेल में ही रखने का आदेश दिया है। अभियोजकों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति भी अस्थिर है। बता दें कि लॉस एंजिलिस में न्यू ईयर डे पर लगी आग एक हफ्ते बाद भड़क उठी थी। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी, इतना ही नहीं 17 हजार से अधिक घर जलकर खाक हो गए थे। आरोपी फिलहाल फ्लोरिडा की जेल में बंद है और अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। अदालत ने उसे भागने का जोखिम मानते हुए जमानत देने से इनकार किया।

### चीन में एक 82 साल की महिला ने 8 जिंदा मेंढक निगल गई महिला

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 82 साल की महिला ने 8 जिंदा मेंढक निकल लिए। जब उसके पेट में तेज दर्द उठा तो राज से पर्दा उठा। महिला का कहना है कि पीठ में दर्द से निजात पाने के लिए उसने ऐसा किया था। उसके दावे से डॉक्टर भी हैरान रह गए। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक महिला ने सुना था कि जिंदा मेंढक खाने से पीठ का दर्द ठीक हो जाता है। उसने अपने परिवार के ही किसी सदस्य से जिंदा मेंढक लाने को कहा। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि वह मेढक का क्या करेगी। परिवार के लोगों ने मेंढक इकट्ठे करके उसे दे दिए। मेढक भी कोई छोटे-मोटे नहीं बल्कि इनकी लंबाई चौड़ाई हथेली के बराबर थी। महिला ने एक दिन तीन मेंढक निकले और अगले दिन पांच और मेढक निगल लिए। इसके बाद उसके पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। महिला के बेटे ने डॉक्टर को बताया, मेरी मां ने आठ जिंदा मेंढक निकल लिए हैं। अब उन्हें इतना दर्द है कि वह चल भी नहीं पा रही हैं। बुजुर्ग महिला को हांगझाउ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसके पाचन तंत्र ने नाम करना बंद कर दिया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनके शरीर पर परजीवियों ने हमला कर दिया है। डॉक्टरों को पता चला कि महिला के शरीर में ऑक्सीफिल सेल्स बन गए हैं। एक डॉक्टर ने बताया, महिला के पेट में स्पार्गानम बन गए हैं जो कि एक प्रकार के परजीवी कीड़े होते हैं। हालांकि इलाज के बाद महिला की तबीयत ठीक हो गई। उसे दो सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और फिर छुट्टी दे दी गई।

### सीनगल में रिफ्ट वैली वायरस का बड़ा प्रकोप, 17 लोगों की मौत

**डैकर, एजेंसी।** सीनेगल में रिफ्ट वैली वायरस के दुर्लभ और गंभीर प्रकोप में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 119 मामले दर्ज किए गए हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से मवेशियों को प्रभावित करती है, लेकिन मच्छरों के काटने या संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने पर इंसान भी प्रभावित हो सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार यह पहला मौका है जब सीनगल में इतनी बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। गंभीर मामलों में आंखों में नुकसान, मस्तिष्क में सूजन या हेमोरेजिक बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो जानलेवा भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अफ्रीका में RVF के प्रकोप अधिक बार हो रहे हैं।

## बुर्का पहना तो लगेगा लाखों का जुर्माना, इटली की मेलोनी सरकार लाई बिल, मस्जिदों पर भी सख्ती

**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की अगुवाई वाली दक्षिणपंथी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली ने संसद में एक विवादास्पद विधेयक पेश किया है, जो देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर बुरका और निकाब जैसे चेहरे को ढकने वाले परिधानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। यह कदम इस्लामी अलगाववाद और सांस्कृतिक अलगाव को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसे मेलोनी सरकार ने धार्मिक कट्टरवाद से जोड़ा है। विधेयक के तहत उल्लंघन करने वालों पर 300 से 3,000 यूरो (लगभग 26,000 से 2.6 लाख रुपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।



यह विधेयक 8 अक्टूबर को संसद में पेश किया गया, जिसमें स्कूल, विश्वविद्यालय, दुकानें, कार्यालय और अन्य सभी सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे को पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगाने का स्पष्ट उल्लेख है। पार्टी के तीन सांसदों द्वारा पेश इस प्रस्ताव का उद्देश्य धार्मिक कट्टरवाद और धर्म-प्रेरित घृणा का मुकाबला करना बताया गया है। मेलोनी सरकार का दावा है कि यह कदम इटली की सामाजिक एकजुटता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अलगाव को जड़ से समाप्त करेगा।

**क्या है पूरा मामला, समझिए :** इटली में पहले से ही 1975 का एक पुराना कानून मौजूद है, जो सार्वजनिक स्थानों पर चेहरे को पूरी तरह ढकने पर रोक लगाता है, लेकिन यह बुरका या निकाब का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं करता। मेलोनी की गठबंधन साझेदार लीग पार्टी ने इस साल की शुरुआत में चेहरे को ढकने वाले परिधानों पर सीमित प्रतिबंध वाली विधायी कोशिश की थी, लेकिन अब ब्रदर्स ऑफ इटली ने इसे देशव्यापी स्तर पर विस्तार देने का फैसला किया है। बुरका एक पूर्ण शरीर-ढकने वाला परिधान है, जिसमें आंखों पर जालीदार स्क्रीन जैसा कपड़ा होता है, जबकि निकाब चेहरे को ढकता है लेकिन आंखों के आसपास का हिस्सा खुला रहता है।

मेलोनी सरकार के एक मंत्री ने कहा, ÷यह विधेयक फ्रांस से प्रेरित है, जहां 2011 में बुरका पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। हम इटली की पहचान और एकता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷ वर्तमान में मेलोनी की गठबंधन सरकार संसद में बहुमत रखती है, इसलिए इस विधेयक के पारित होने की संभावना मजबूत मानी जा रही है, हालांकि औपचारिक बहस की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

**इस्लामी संस्थाओं के विदेशी फंडिंग पर निगरानी :** यह विधेयक धार्मिक संगठनों पर वित्तीय पारदर्शिता के नए नियम भी थोपता है, खासकर उन पर जो राष्ट्र के साथ औपचारिक समझौते नहीं रखते। सरकार का कहना है कि इससे मस्जिदों और अन्य इस्लामी संस्थाओं की विदेशी फंडिंग पर निगरानी बढ़ेगी, जो कट्टरवाद को बढ़ावा दे सकती है। विधेयक के मसौदे में कहा गया है, इस्लामी कट्टरवाद का प्रसार... निस्संदेह इस्लामी आतंकवाद के लिए प्रजनन स्थल है। यह विधेयक मस्जिदों और इस्लामी शिक्षा संस्थानों की फंडिंग पर अतिरिक्त जांच-पड़ताल भी करेगा, क्योंकि इसमें उन संगठनों की फंडिंग पर पारदर्शिता नियम लागू किए जाएंगे जिन्होंने राष्ट्र के साथ औपचारिक समझौते नहीं किए हैं। किसी भी मुस्लिम संगठन का ऐसा कोई समझौता नहीं है और इसलिए उन्हें अपने सभी फंडिंग स्रोतों का खुलासा करने के लिए बाध्य किया जाएगा। जो समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्हें फंडिंग नहीं मिल पाएगी।

**क्यों उठाया गया यह कदम? मेलोनी का तर्क :** प्रधानमंत्री मेलोनी अपनी दक्षिणपंथी विचारधारा के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इस विधेयक को इस्लामी अलगाववाद के खिलाफ एक मजबूत हथियार बताया है। उनका मानना है कि ऐसे परिधान न केवल सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि समाज में अलगाव को बढ़ावा देते हैं। इटली में मुस्लिम आबादी करीब 5 लाख है, और हाल के वर्षों में प्रवासन और सांस्कृतिक एकीकरण के मुद्दे राजनीतिक बहस का केंद्र बने हुए हैं। मेलोनी सरकार ने पहले भी प्रवासियों पर सख्त नीतियां अपनाई हैं, जैसे भूमध्य सागर में अवैध नावों को रोकना। विधेयक की घोषणा के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी बहस छिड़ गई है। दक्षिणपंथी समर्थक इसे राष्ट्रीय गौरव की रक्षा बता रहे हैं, जबकि विपक्षी दल और मुस्लिम संगठन इसे इस्लाम-विरोधी करार दे रहे हैं। इटली के प्रमुख मुस्लिम संगठन ने कहा, ÷यह महिलाओं की स्वतंत्रता पर हमला है और धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

## फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप: सुनामी का खतरा टला; लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर लेटे



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में शुक्रवार सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी। फिलहाल सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कई और झटकों की चेतावनी दी। आधे घंटे तक 5.9 तीव्रता और 5.6 तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी ने विनाशकारी सुनामी आने की आशंका जताई थी। मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के तटीय शहरों में रहने वाले लोगों को तत्काल ऊंची जगहों पर जाने को कहा गया। फिलहाल किसी तरह के बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है। इससे पहले 30 सितंबर को फिलीपींस के सेबू प्रांत में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 69 लोगों की मौत हो थी, जबकि करीब 150 घायल हुए थे।

**फिलीपींस में सुनामी का खतरा टला :** फिलीपींस में आए भूकंप के बाद अब सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है और समुद्र में किसी बड़े खतरे के संकेत नहीं हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, लेकिन फिलहाल किसी और खतरे की आशंका नहीं है।

भूकंप का अबतक सबसे ज्यादा असर दवाओ सिटी में देखनों को मिला है। यहां अस्पताल, स्कूल और सड़कों पर भूकंप से जुड़े कई फुटेज सामने आए हैं। यह शहर मिंडानाओ द्वीप के दावाओ डेल सुर प्रांत का हिस्सा है। मिंडानाओ द्वीप समूह में कुल 27 प्रांत है। इंडोनेशिया के भूकंप और सुनामी केंद्र के प्रमुख ने बताया कि देश के तटीय इलाकों में अधिकतम 17 सेंटीमीटर यानी करीब 6 इंच) ऊंची लहरें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसे हम माइनर सुनामी या छोटी सुनामी कहते हैं, यानी ऐसी लहरें जिनकी ऊंचाई 0.5 मीटर से कम होती है। फिलीपींस राष्ट्रपति ने तटीय इलाकों को खाली करने को कहा फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के कुछ तटीय क्षेत्रों को खाली करने के आदेश दिए हैं।

## अमेरिकी हमलों से घबराई वेनेजुएला सरकार, संयुक्त राष्ट्र परिषद का आपात सत्र बुलाने की मांग

**कराकास, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा कैरेबियाई समुद्री क्षेत्र में कई बार वेनेजुएला की नौकाओं का निशाना बनाया है। अमेरिका का आरोप है कि इन नौकाओं के जरिए अमेरिका में ड्रग तस्करी की जा रही थी। वहीं अमेरिकी हमलों से वेनेजुएला सरकार घबरा गई है और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गुहार लगाकर आपातकालीन सत्र बुलाने की मांग की है। वेनेजुएला ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से एक आपातकालीन सत्र बुलाने का अनुरोध किया, जिसमें वेनेजुएला के तटीय जलक्षेत्र में हाल के हफ्तों में हुई अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों पर चर्चा की मांग की गई है।

**वेनेजुएला ने रूस के राजदूत को लिखा पत्र :** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के राजदूत और परिषद के अध्यक्ष वसीली नेबेंजिया को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा। इस पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पैदा करने का आरोप लगाया गया। मादुरो सरकार ने आशंका जताई कि जल्द ही वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला हो सकता है। वेनेजुएला का ये अनुरोध अमेरिकी कांग्रेस द्वारा उस विधेयक को खारिज करने के एक दिन बाद आया है, जो ड्रग तस्करों के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल करने की ट्रंप की क्षमता पर रोक लगाता। अब तक अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई जलक्षेत्र में चार घातक हमले किए हैं, जिसे ट्रंप ने ड्रग कार्टेल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष घोषित किया है। हालांकि, वेनेजुएला की मादुरो सरकार का कहना है कि व्हाइट हाउस इस अभियान को उनके खिलाफ हमले के एक बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। वेनेजुएला का आरोप है कि अमेरिका की वेनेजुएला के विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर नजर है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया बड़ा झटका, नई आधुनिक मिसाइलें देने से किया साफ इनकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए आधुनिक मिसाइलें देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को कुछ हथियारों को उपकरण आदि की सप्लाई की जाएगी, लेकिन किसी नए हथियार की डिलीवरी नहीं की जाएगी। दरअसल मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स चल रहीं थी कि अमेरिका, पाकिस्तान को आधुनिक एडवांस्ड मीडिया रेंज एअर टू एअर मिसाइल देगा। अब अमेरिका ने ही इससे इनकार कर दिया है।



**अमेरिकी दूतावास ने जारी किया बयान :** अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि 30 सितंबर को युद्ध विभाग ने कई देशों को, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, हथियारों के उपकरण बेचने का एलान किया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान को एएमआरएएएम मिसाइलों की डिलीवरी की जाएगी, लेकिन ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही पाकिस्तान की मौजूदा क्षमताओं में इजाफे का भी कोई विचार नहीं है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कई मीडिया चैनल ने दावा किया कि अमेरिका के युद्ध विभाग ने पाकिस्तान को एएमआरएएएम मिसाइलों को बेचने की मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के एरिजोना के टकसन में स्थित रेथियोन कंपनी पाकिस्तान को आधुनिक मिसाइलों की आपूर्ति करेगी। इन खबरों को अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की वायु सेना की सैन्य क्षमताओं में इजाफा करने के तौर पर देखा गया, लेकिन अब अमेरिका ने साफ कर दिया है कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है।

अमेरिका के करीब आया पाकिस्तान पाकिस्तान को साल 2007 में अमेरिका से 700 एएमआरएएएम मिसाइलें मिल चुकी हैं, जो पाकिस्तान ने अपने एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए खरीदीं थीं। यह उस समय हवा से हवा में मार करने वाली एएमआरएएएम मिसाइलों का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर था। नई डील की बात ऐसे समय उठी, जब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने सितंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी।

अमेरिका की वायुसेना के अनुसार, एएमआरएएएम हवा से हवा में मार करने वाली घातक मिसाइल है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि इसमें टारगेट को लॉक किया जा सकता है, मतलब कि यह मिसाइल अपने टारगेट को खत्म करके ही दम लेती है। इसे ह्यूजेस एयरक्राफ्ट कंपनी और रेथियॉन कंपनी मिलकर बनाती हैं। इस मिसाइल की लंबाई 143.9 इंच (366 सेंटीमीटर) और वजन 150.75 किलोग्राम होता है।

## संघर्ष विराम समझौते के बाद भी इस्राइली हमले में 30 फलस्तीनियों की मौत, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में संघर्ष विराम के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। संघर्ष विराम के बाद इस्राइली हमलों में 30 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये दावा किया है। गाजा के अल शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबु सालमिया ने बताया कि बुधवार शाम से हो रहे हमलों में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं।

**इस्राइल का दावा- हमास आतंकियों को निशाना बनाकर किया हमला :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा सिविल डिफेंस ने बताया कि गाजा के पड़ोसी इलाके अल-सब्रा में इस्राइली हमले में एक इमारत को निशाना बनाया गया, जिसमें 40 से ज्यादा लोग उसके मलबे में दब गए। वहीं इस्राइली सेना ने बताया कि हमास के आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया गया था क्योंकि उनसे खतरा था।

**ट्रंप का एलान- पहले चरण के शांति समझौते पर सहमत हुए इस्राइल और हमास :** बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया कि इस्राइल और हमास पहले चरण के शांति समझौते पर सहमत हो गए हैं। इससे गाजा में युद्ध समाप्त होगा और बंधकों को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इस्राइली सेना समझौते के तहत गाजा से पीछे हटेगी और इस्राइल की जेलों में बंद 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। इस्राइली मीडिया के अनुसार, समझौते के तहत इस्राइली सेना गाजा क्षेत्र के लगभग 53 प्रतिशत हिस्से पर अपनी तैनाती बनाए रखेगी।

**अमेरिकी सेना की निगरानी में लागू होगा संघर्ष विराम समझौता :** गुरुवार सुबह राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक बैठक की, जिसमें बताया कि जल्द ही इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौता लागू हो जाएगा। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि इस शांति समझौते से गाजा में हमेशा के लिए शांति आ सकती है। ट्रंप ने कहा कि संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार या मंगलवार को इस्राइल के बंधक रिहा हो सकते हैं। ट्रंप भी पश्चिम एशिया का दौरा कर सकते हैं। अमेरिका लगभग 200 सैनिकों को इस्राइल भेजेगा ताकि गाजा में लागू युद्ध विराम समझौते की निगरानी की जा सके। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ये सैनिक सिविल-मिलिट्री समन्वय केंद्र में कार्य करेंगे, जो मानवीय सहायता, लॉजिस्टिक और सुरक्षा बनाने में मदद करेंगे। अमेरिकी सेना के साथ साझेदार देशों, गैर-सरकारी संगठनों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि भी इस पहल में शामिल होंगे।

## नेपाल-श्रीलंका के बाद अब मेडागास्कर में युवाओं का विरोध प्रदर्शन; राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग




**एंटानानारिवो, एजेंसी।** मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में लगभग 1000 युवा प्रदर्शनकारी 'जेन-जेड मेडागास्कर के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति अंद्री राजोएलिना के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने अशांति फैलने पर आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। यह हिंसक विरोध प्रदर्शन देश में कई वर्षों से सबसे बड़ी अस्थिरता के रूप में सामने आया है। पानी और बिजली की कमी के चलते शुरू हुए युवाओं के आंदोलन ने मेडागास्कर की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दी है। प्रदर्शनकारी मास्क पहने सड़कों पर मार्च कर रहे थे और पुलिस ने बख्तरबंद वाहनों के साथ उनका सामना किया। एनोसी और माहामासिना जिलों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर पथराव और जलते टायर लगाकर ब्लॉकेज किया। लोकतंत्र चौक और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी। कई शहरों में जारी है रात का कर्फ्यू ये विरोध प्रदर्शन पहले पानी और बिजली कटौती को लेकर शुरू हुए थे, लेकिन बाद में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोपों के खिलाफ व्यापक हो गए। राजोएलिना ने विरोधों को शांत करने के लिए अपने पूरे कैबिनेट को बर्खास्त किया, लेकिन इससे युवाओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति के साथ वार्ता का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया। आंदोलन के चलते राजधानी एंटानानरीवो और अन्य शहरों में रात का कर्फ्यू लगाया गया है। नेपाल और श्रीलंका के विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं और दर्जनों घायल हुए हैं, जबकि सरकार ने इसे खारिज किया है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट के जरिए संगठन किया और नेपाल और श्रीलंका में हालिया विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा ली। गौरतलब है कि मेडागास्कर, पूर्वी अफ्रीका के पास स्थित एक बड़ा द्वीप देश है, जिसकी आबादी करीब 3.1 करोड़ है। वहां गरीबी और सरकारी सेवाओं की असफलता को लेकर जनता में लंबे समय से नाराजगी है, जो अब बड़े विरोध में बदल चुकी है।

## अफगानिस्तान के काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, टीटीपी चीफ को मारने का दावा

**काबुल, एजेंसी।** अफगान मीडिया एएमयू न्यूज के मुताबिक काबुल के कई इलाकों में लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। ये धमाके हवाई हमले की तरह लग रहे थे। दो स्थानीय लोगों ने बताया कि हमला काबुल शहर के अब्दुल हक स्क्वायर के पास हुआ, हालांकि हमले की सही जगह अभी साफ नहीं है। पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने टीटीपी चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। वह 2018 से टीटीपी की लीडरशिप संभाल रहा है। उस पर अफगानिस्तान में तालिबान के समर्थन से काम करने का आरोप है। पाकिस्तान ने काबुल पर ऐसे वक्त में एयरस्ट्राइक की है जब, तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी 7 दिन के भारत दौरे पर आए हुए हैं। वे यहां पर 7 दिन रहेंगे।

इधर टोलो न्यूज ने कहा है कि उसे महसूद का एक ऑडियो मैसेज मिला है, जिसमें उसने दावा किया है उन पर कोई हमला नहीं हुआ है।

**टीटीपी का चौथा अध्यक्ष है मेहसूद :** नूर वली महसूद का जन्म 26 जून 1978 को पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान के गुड़गांव इलाके में हुआ था। वह पाकिस्तान के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। मुल्ला फजलुल्लाह की मौत के बाद उसने संगठन की कमान संभाली। वह टीटीपी का चौथा अध्यक्ष है।



डिफेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक महसूद 2003 में एक जिहादी गुट में शामिल हुआ था। यह गुट पाकिस्तान के कबायली इलाकों में तालिबान शासन के समय उभरा था। फिर बाद में 2007 में बैतुल्लाह महसूद की अगुवाई में टीटीपी का हिस्सा बन गया। साल 2013 तक नूर वली महसूद कराची में टीटीपी की गतिविधियों की देखरेख करने लगा था। वह पूरे पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों के लिए पैसे जुटाने के मकसद से जबरन वसूली और अपहरण के नेटवर्क का नेतृत्व करता था। उसने कराची में पश्तूनों को आदेश दिया था कि अपने विवाद वे टीटीपी की 'तालिबान अदालतों' में सुलझाएं। जो लोग ऐसा नहीं करते थे, उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता था। ऐसा माना जाता है कि महसूद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इधर-उधर रहता था और उसके पास पाकिस्तानी नागरिकता है।

**पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बना टीटीपी :** 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। अमेरिकी हमले के जवाब में टीटीपी का गठन 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। पाकिस्तानी सेना और अमेरिकी ड्रोन हमलों के बावजूद, पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका। 2018 में पाकिस्तान ने झ्रझक्र पर जीत की घोषणा की थी।